संकल्प परिवर्तन का

# नवसत्ता

लखनऊ, गुरुवार
16.05.2024
वर्षः 16
अंकः 31 पृष्ठः 08
मूल्यः 02 रूपया
स्थापितः वर्ष 2009
RNI-UPHIN/2009/28265

16 वां वर्ष विश्वास का

www.navsatta.com लखनऊ व रायबरेली से एक साथ प्रकाशित तथा समस्त उत्तर भारत में प्रसारित हिन्दी दैनिक


# कांग्रेस का वादा, गरीबों को हर माह पांच की जगह दस किलो देगी राशन

## 140 सीटों में ही सिमट जाएगी भाजपा : अखिलेश




संवाददाता

**लखनऊ, 15 मई (नवसत्ता)** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे लखनऊ में अखिलेश यादव के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित थे। उन्होंने मनरेगा और फूड सिक्योरिटी एक्ट जैसे कार्यों के महत्व को उजागर किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा चुनाव के बीच आज बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर गरीबों को पांच किलो की जगह दस किलो अनाज मुफ्त में दिया जाएगा।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान से ठीक पहले कांग्रेस ने सत्ता में आने पर गरीबों को हर माह 10 किलो राशन देने का वादा किया है। साथ ही जातिगत जनगणना कराने की बात दोहराई है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने भाजपा नेताओं द्वारा समय समय पर दिए गए संविधान बदलने संबंधित बयान का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी के नेता संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं। उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि हम आएंगे तो संविधान में बदलाव लाएंगे। कर्नाटक में बीजेपी सांसद अनंत कुमार हेगड़े के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा के सांसद ने कहा था कि हमें दो तिहाई बहुमत दीजिए, हम संविधान बदल देंगे। इसके एलावा उन्होंने उत्तर प्रदेश के भाजपा नेताओं के संविधान बदलने संबंधी बयान पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आप ऐसे लोगों को पार्टी से क्यों नहीं निकालते संविधान को बदलने की बात पर नरेंद्र मोदी चुप क्यों हो जाते हैं श्री खड़गे ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि- विपक्ष के नेताओं को बीजेपी के लोग नामांकन करने से रोक रहे हैं। हमारे पोलिंग एजेंट को भी डरा-धमका रहे हैं चुनाव में लेवल प्लेइंग ग्राउंड होना चाहिए, लेकिन फिर भी हम लड़ रहे हैं। हालांकि, चार चरणों के चुनाव के बाद रिपोर्ट्स से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन बीजेपी से आगे है। लखनऊ के ताज होटल में आज आयोजित एक प्रेस वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पत्रकारों के सामने अपने विचार रखे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। केंद्र की भाजपा सरकार से समाज का हर वर्ग नाराज है। यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है। यह दो विचारधाराओं के बीच का चुनाव है। उन्होंने कहा कि 4 जून को बीजेपी की विदायी तय है। चौथे चरण के चुनाव के बाद हमारा गठबंधन और मजबूत स्थिति में है। श्री खरगे ने कहा कि गठबंधन के सभी साथियों ने देश के सामने न्याय स्कीम रखी है। हम आने वाले समय में स्थानीय मुद्दों को भी शामिल करेंगे। इसके साथ ही हम जातिगत जनगणना जरूर करवाएंगे। खरगे ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय खाद्य सुरक्षा कानून लागू किया गया था जिसके तहत आपको आज 5 किलो अनाज मिल रहा है। केंद्र में सरकार बनते ही हम इसको दुगना कर देंगे और हर महीने 10 किलो अनाज देंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ गरीबों के पक्ष में लड़ने वाली पार्टियां हैं। दूसरी तरफ, अमीरों के पक्ष में खड़े होने वाले लोग हैं। हमारी लड़ाई गरीबों की ओर से है जिन्हें खाना नहीं मिलता और नौकरी नहीं मिलती। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारा गठबंधन देश में फैली बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ यह लड़ाई लड़ रहा है।

## सच बोलने की आदत डालें मल्लिकार्जुन खड़गे : योगी

**लखनऊ-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में यूपी में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सलाह दी कि उन्हें सच बोलने की आदत डाल लेना चाहिए। सीएम योगी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह देश को मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा के आधार पर बांटती रही रही है। खड़गे जी ने हाल ही में भगवान शिव और प्रभु श्रीराम के बीच लड़ाई लगाने का कुत्सित प्रयास किया है। ये इनकी क्षुद्र मानसिकता है। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का लगातार अपमान किया है। कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों को पीएम मोदी के विकसित भारत की संकल्पना से चिढ़ हो रही है। सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर न्यूज एजेंसी दिये इंटरव्यू में ये बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा का चार चरण समाप्त हो चुका है। मोदी जी की लहर सुनामी बनकर सामने आ गई है और इंडी गठबंधन की हवा निकल चुकी है। जनता ने इन्हें खारिज कर दिया है। इंडी गठबंधन फिर से देश की अपूरणीय क्षति करना चाहता है। मगर, जनता ने इनसे पिंड छुडा लिया है। अब ये देश की सत्ता में कभी नहीं आ सकते। सीएम योगी ने कहा कि बाबा साहब का सबसे ज्यादा अपमान कांग्रेस ने किया, तो वहीं सपा ने भी बाबा साहब और सामाजिक न्याय के पुरोधाओं का अपमान किया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दलित महापुरुषों के स्मारक को तोड़ने तक की बात कही थी। इसके अलावा कन्नौज के मेडिकल कॉलेज से बाबा साहब के नाम को हटाया था। इतना ही नहीं कांशीराम मेडिकल कॉलेज और भाषा विश्वविद्यालय का नाम बदल दिया था। इंडी गठबंधन भारतीय संविधान के खिलाफ आचरण और जाति के नाम पर विभाजन की राजनीति का अनुसरण कर रहा है। सीएम योगी ने कहा कि आज का नया भारत पीएम मोदी के नेतृत्व में सम्मान और सुशासन के नये माहौल में आ चुका है। इस विकसित भारत की संकल्पना से इंडी गठबंधन को चिढ़ हो रही है। कभी ये पाकिस्तान की वकालत करते हैं, कभी जातीय जनगणना की बात करते हैं। संविधान में जितना संशोधन और छेड़छाड़ कांग्रेस ने किया उतना किसी ने नहीं किया। अब ये लोग एससी एसटी ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। आने वाले तीन चरणों में भी इन्हें जनता खारिज करेगी। इंडी गठबंधन राम विरोधी, भारतीय आस्था का विरोधी और आरक्षण विरोधी है। यूपीए सरकार ने पहले ही रंगनाथ मिश्रा और सच्चर कमेटी का गठन करके आरक्षण में सेंध लगाने की कोशिश की थी।

# कांग्रेस कर रही धर्म के आधार पर बंटवारा : पीएम मोदी



एजेंसी

**मुंबई, 15 मई (नवसत्ता)** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रचार के क्रम में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के डिंडोरी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर तुष्टिकरण को लेकर कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बजट का 15 फीसदी हिस्सा मुसलमानों को देना चाहती है। जनसभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, हमने कभी भी न किसी का धर्म देखा है, न किसी का धर्म पूछा है। योजना सबके लिए बनाई जाती है, सबको लाभ दिया जाता है। लेकिन कांग्रेस की नियत का खुलासा आज मैं 140 करोड़ देशवासियों के सामने करना चाहता हूं।

कांग्रेस की सोच है कि देश की सरकारें, जितना बजट बनाती हैं उसका 15 प्रतिशत सिर्फ और सिर्फ अल्पसंख्यक पर खर्च हो। यानी धर्म के आधार पर बजट का भी बंटवारा, धर्म के आधार पर इन्होंने देश को बांटा है। आज भी वो धर्म के आधार पर भांति-भांति के बंटवारे करने में लगे हुए हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा, कई साल पहले कांग्रेस ने धर्म के आधार पर बजट के आवंटन को हरी झंडी दिखा दी थी। आप कल्पना कर सकते हैं कि बजट का इस प्रकार से टुकड़े करना कितना खतरनाक विचार है।

आप जानते हैं कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही है, उसका अपना प्रिय वोट बैंक। मुझे याद है उस समय मैं सीएम था, जब ये बात कांग्रेस ने उठाई थी तो मैंने उसका मुख्यमंत्री रहते हुए पुरजोर विरोध किया था। कांग्रेस उस समय चाहती थी कि देश के सारे बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। तब भाजपा के जबरदस्त विरोध के बाद ये कामयाब नहीं हो पाए थे। लेकिन अब ये सारे पुराने एजेंडे लागू करने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा, भीमराव अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे, लेकिन कांग्रेस कह रही है कि एससी,एसटी, ओबीसी और गरीबों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देंगे। कांग्रेस आपकी संपत्ति को भी जब्त करके उसका हिस्सा अपने वोट बैंक को देने की तैयारी में है। कांग्रेस और इंडी अघाड़ी वाले कान खोलकर सुन लें। मोदी धर्म के आधार पर न बजट बांटने देगा और न ही धर्म के आधार पर आरक्षण देगा।

## खत्म हो चुका है ब्रांड मोदी : राउत

**मुंबई-** राज्यसभा सांसद एवं शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने बुधवार को प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका '(नरेंद्र) मोदी ब्रांड' खत्म हो गया है और यह शर्म की बात है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने घाटकोपर त्रासदी में 18 लोगों की जान जाने के कुछ ही दिनों बाद मुंबई में मेगा रोड शो आयोजित किया। श्री राउत ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मोदी घाटकोपर में दुर्घटनास्थल का दौरा कर सकते हैं और घड़ियाली आंसू भी बहा सकते हैं। उन्होंने यह दावा करते हुए कहा कि महा विकास अघाड़ी और शिवसेना (यूबीटी) ने आम चुनाव के आने वाले नतीजों को लेकर देश के प्रधानमंत्री में डर पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि हार के डर से श्री मोदी सड़कों पर हैं और भाजपा अनुकूल परिणाम सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सड़कों पर इधर-उधर घुमा रही है। । श्री राउत ने कहा, हम मुंबई में छह सीटों पर लड़ रहे हैं और हम उन सभी पर जीत हासिल करने को लेकर आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री पूरे देश में रोड शो कर रहे हैं, क्या उनके पास कोई अन्य काम नहीं है? प्रधानमंत्री कभी मणिपुर नहीं गये, कभी जम्मू में कश्मीरी पंडितों के आंसू पोंछने नहीं गये। घाटकोपर में एक बिलबोर्ड गिरने से 18 लोगों की मौत हो गयी, उन्हें कोई सहानुभूति नहीं है। आज शायद वह घड़ियाली आंसू बहाएंगे।

# सीएए के तहत केंद्र सरकार ने 14 लोगों को दी भारत की नागरिकता




एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट आज जारी किया गया। केंद्र सरकार द्वारा 14 लोगों को भारतीय नागरिकता प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। सीएए प्रमाणपत्र जारी होने के बाद पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। आवेदन ऑनलाइन संसाधित होने के बाद 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीएए के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट जारी कर दिया है। सीएए के पहले सेट के तहत केंद्र सरकार ने 14 लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान की है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने नई दिल्ली में पहले 14 लोगों को सीएए के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान सचिव डाक, निदेशक (आईबी), भारत के रजिस्ट्रार जनरल और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाणपत्रों का पहला सेट आज जारी किया गया। केंद्र सरकार द्वारा 14 लोगों को नागरिकता प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। सीएए प्रमाणपत्र जारी होने के बाद पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से प्रताड़ित गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। केंद्र सरकार के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने एक निर्दिष्ट पोर्टल के माध्यम से उनके आवेदन ऑनलाइन संसाधित होने के बाद 14 लोगों को प्रमाण पत्र सौंपे गए हैं। सीएए को बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से सताए गए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में अधिनियमित किया गया था, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे।

इनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई शामिल हैं। कानून बनने के बाद सीएए को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी, लेकिन जिन नियमों के तहत भारतीय नागरिकता दी गई थी, उन्हें चार साल से अधिक की देरी के बाद इस साल 11 मार्च को जारी किया गया था।

## आज लखनऊ में सीएम केजरीवाल, अखिलेश यादव के साथ करेंगे प्रेस वार्ता

संवाददाता

**लखनऊ, 15 मई (नवसत्ता)** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल यूपी के पूर्व सीएम और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ कल प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। सीएम केजरीवाल और अखिलेश यादव की प्रेस कॉन्फ्रेंस सुबह 10 बजे लखनऊ में होगी। केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए मिली अंतरिम जमानत के बाद यह उनकी इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। उधर, इंडिया गठबंधन के नेताओं ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें कांग्रेस के प्रेसिडेंट मल्लिकार्जुन खरगे और अखिलेश यादव शामिल हुए। इस दौरान खरगे ने कहा कि यह चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण है कि यह हमारे देश के भविष्य को बचाने वाला चुनाव है। हमारे अधिकारों को सुरक्षित रखने वाला चुनाव है। हमें अपने देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाना है नहीं तो हम दोबारा गुलाम बन जाएंगे। बता दें कि इससे पहले जब आप सांसद संजय सिंह जेल से रिहा हुए थे तो उन्होंने ऐलान किया था कि वो इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों का यूपी में समर्थन करेंगे।

# पूर्व पति का दावा खतरे में है स्वाति मालीवाल की जान



एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)** आम आदमी पार्टी (आप) की नेता और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की पिटाई दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के घर में कर दी गई। स्वाति ने पुलिस को फोन किया, लेकिन बिना शिकायत दिए थाने से चली आई। आप के नेता संजय सिंह ने घटना की पुष्टि की और कहा कि मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लिया है और सख्त कार्रवाई करेंगे। अब इस मामले में स्वाति मालीवाल के पूर्व पति नवीन जयहिंद ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि स्वाति की जान खतरे में है। उसके साथ कुछ भी हो सकता है। उन्होंने यह बयान अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार द्वारा मालीवाल की पिटाई किए जाने की बात स्वीकार करने के कुछ ही समय दिया है। फेसबुक पर पोस्ट किए गए वीडियो में जयहिंद ने आरोप लगाया कि संजय सिंह नाटक कर रहे हैं। उन्होंने कहा, स्वाति के साथ जो कुछ भी हुआ वह एक साजिश का हिस्सा है। उन्हें धमकी दी जा रही है। उसके साथ कुछ भी हो सकता है। स्वाति के साथ मारपीट में जिस बिभव का नाम आ रहा है, वह ऊंची आवाज में बोलता तक नहीं है। मैं नहीं कह सकता कि किसके आदेश से मारपीट की गई। नवीन ने कहा कि स्वाति से तलाक हुए चार साल हो गए। इसके बाद से उसकी बात स्वाति से नहीं हुई है। जयहिंद ने आरोप लगाया कि संजय सिंह को हर साजिश की जानकारी है। उन्होंने कहा,सांसद संजय सिंह आप क्यों नाटक कर रहे हैं? आप सब कुछ जानते हैं, ठीक है? आपको यह भी पता है कि क्या होने जा रहा है। हमला एक साजिश थी। स्वाति की जान खतरे में है। आप यह जानते हैं, ठीक है? अब आप उसे डरा-धमकाकर चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं। संजय सिंह ने स्वीकार किया है कि स्वाति मालीवाल पर विभव कुमार ने हमला किया था। स्वाति सोमवार को अरविंद केजरीवाल से उनके आवास पर मिलने गई थीं। संजय सिंह ने कहा, कल मालीवाल अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं। वह ड्राइंग रूम में उनसे मिलने का इंतजार कर रही थीं तभी विभव कुमार ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 तक बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)** दिल्ली की एक अदालत ने आज शराब घोटाले में आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 30 मई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बुधवार को समाप्त हो रही थी। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने हिरासत बढ़ाने का आदेश पारित किया। मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान, ईडी के वकील ज़ोहेब हुसैन ने हाई कोर्ट को बताया कि जांच एजेंसी जल्द ही आम आदमी पार्टी (आप) को शराब घोटाले में आरोपी बनाएगी और एक पूरक आरोप पत्र दायर करेगी। जांच एजेंसी ने पाया है कि 45 करोड़ रुपये की अपराध की आय, जो साउथ ग्रुप से प्राप्त रिश्वत का हिस्सा थी, का इस्तेमाल आप ने 2021-22 के गोवा विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए किया था। इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने पूर्व डिप्टी सीएम को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सिसोदिया की जमानत याचिका फरवरी से लंबित है।

**ईडी की कार्यवाई** जहाँगीर आलम के कब्जे वाले फ्लैट से 32.5 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी मिली थी

# आलमगीर आलम को ईडी ने किया गिरफ्तार






एजेंसी

**रांची, 15 मई (नवसत्ता)** प्रवर्तन निदेशालय ने आज झारखंड सरकार में मंत्री एवं कॉन्ग्रेस नेता आलमगीर आलम को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि कुछ दिन पहले आलमगीर के सचिव के नौकर के घर से 37 करोड़ रुपए से अधिक नकदी बरामद हुई थी। इसी मामले में ईडी ने पूछताछ के लिए उन्हें बुलाया था।

बता दें कि आलमगीर आलम से ईडी ने मंगलवार को भी लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की थी। आलमगीर आलम से सुबह 11 बजे से पूछताछ की जा रही थी। ईडी ने 12 मई को आलमगीर को तलब किया था। उन्हें मंगलवार को राँची स्थित जोनल कार्यालय में एजेंसी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और संजीव लाल के नौकर जहाँगीर आलम की गिरफ्तारी हो चुकी है। जहाँगीर आलम के कब्जे वाले फ्लैट से 32.5 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी मिली थी। ये फ्लैट राँची में हरमू रोड के सर सैय्यद अपार्टमेंट में स्थित है। इसके अलावा बहुत सारा पैसा संजीव लाल के करीबी ठेकेदारों के ठिकानों से बरामद हुए, पूरी राशि करीब 38 करोड़ रुपए है। झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में घूसखोरी और वसूली के इस खेल का लिंक जुड़ा है। 13 नवंबर 2019 की एक गिरफ्तारी से, जब एंटी करप्शन ब्यूरो ने ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के अंदर काम करने वाले जेई सुरेश प्रसाद वर्मा को 10 हजार की रिश्वत लेते दबोचा था। सुरेश वर्मा वीरेंद्र राम के ही मकान में जमशेदपुर में रहता था। उसके घर पर 2.44 करोड़ कैश मिला था, जिसके बारे में सुरेश ने ही बताया था कि ये पैसे वीरेंद्र राम के हैं, जो उसके रिश्तेदार आलोक रंजन ने रखे थे। इसके बाद इस मामले की जाँच ईडी ने संभाल ली।

ईडी की जाँच में पता चला कि ग्रामीण विकास विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग में तगड़ा खेल चल रहा है। हर ठेके पर 3.2 प्रतिशत का कमीशन सेट है।

इसमें चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पास 0.3 प्रतिशत पैसा ही आता था, बाकी पैसा नेताओं, अधिकारियों और इंजीनियरों के गैंग में बँट जाता था। यहीं से आमलगीर आलम, संजीव लाल समेत अन्य की भूमिका की जाँच शुरू हो गई। आलमगीर आलम के खिलाफ ईडी अप्रैल 2022 से एक अन्य मामले में जाँच कर रही है, वो अवैध खनन से जुड़ा मामला था।

# ग्वालियर की राजमाता माधवी राजे सिंधिया का निधन



एजेंसी

**ग्वालियर, 15 मई (नवसत्ता)** ग्वालियर राजघराने की राजमाता एवं केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का आज निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार कल अपराह्न ग्वालियर में पारंपरिक रीति रिवाज के साथ किया जाएगा। श्री सिंधिया के निकटवर्ती सूत्रों ने यहां यह जानकारी दी कि राजमाता श्रीमती सिंधिया ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में आज सुबह नौ बजकर 28 मिनट पर अंतिम सांस ली। उस समय उनके परिवार के सदस्य उनके पास ही थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया की पत्नी श्रीमती सिंधिया बीते तीन महीने से अस्वस्थ थीं और करीब दो माह से एम्स में उनका इलाज चल रहा था। पिछले दो सप्ताह से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी और वह वेंटीलेटर पर थीं। वह नेपाल के राणा राजवंश से थीं। इस राजवंश के प्रमुख जुद्ध शमशेर जंग बहादुर राणा थे, जो नेपाल के प्रधानमंत्री भी रहे। उनका विवाह ग्वालियर के तत्कालीन महाराज माधव राव सिंधिया से आठ मई 1966 को हुई थी।

सिंधिया राजघराने की बहू बनने से पहले उनका नाम किरण राज लक्ष्मी था। माधव राव सिंधिया एवं माधवी राजे सिंधिया की एक पुत्री चित्रांगदा राजे और एक पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। श्रीमती सिंधिया के पार्थिव शरीर को अपराह्न तीन बजे से सात बजे के बीच 27 सफदरजंग स्थित निवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। उनके पार्थिव शरीर को कल सुबह विमान से ग्वालियर ले जाया जाएगा।

रानी महल में दोपहर को अंतिम दर्शनों के पश्चात अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे ग्वालियर के छत्री परिसर में अंतिम संस्कार किया जाएगा जहां सिंधिया राजवंश के लोगों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री माननीय श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की पूज्य माता जी श्रीमती माधवी राजे सिंधिया जी के निधन का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ।

# कांग्रेस ने खाद्य सुरक्षा कानून दिया, इसलिए जनता को मिल रहा राशनः प्रियंका गांधी



संवाददाता

**ऊंचाहार-रायबरेली, 15 मई (नवसत्ता)।** प्रियंका गांधी ने बुधवार को ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के उमरान में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान मोदी सरकार पर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के लोग विकास, महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करते। कांग्रेस ने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आपको राशन का अधिकार दिया इसलिए आपको राशन मिल रहा है।

कांग्रेस ने मनेरगा योजना में 100 दिन के रोजगार का अधिकार दिया। प्रियंका ने कहा कि देश का गरीब किसान फसल के लिए, अपनी बेटी की शादी और बच्चों की शिक्षा के लिए कर्ज लेता है। किसान कर्ज नहीं भर पाता है। मोदी किसान का कर्ज माफ करने के बजाय 16 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों का माफ कर दिया।

लखीमपुर खीरी में काले कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन कर रहे थे। मंत्री के बेटे ने किसानों पर कार चढ़ा दी। किसानों की मौत हुई, लेकिन मोदी जी ने किसानों से बात करने की जरूरत नहीं समझी। मोदी कभी मंच से नीचे उतरकर आप से नमस्ते भी नहीं करेंगे। मोदी जी दिन भर में तीन बार कपड़े बदलते हैं। इतना महिलाएं भी नहीं बदलती हैं।

# भाजपा को वोट मतलब दलित, ओबीसी और गरीब सवर्णों के खिलाफ वोट देनाः मल्लिकार्जुन खरगे

## कांग्रेस मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है

संवाददाता

**रायबरेली, 15 मई (नवसत्ता)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रायबरेली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को वोट देने का मतलब दलितों आदिवासियों, किसानों और गरीब सवर्णों के खिलाफ वोट देना है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर होते हुए कहा कि युवाओं के पास रोजगार नहीं हैं। लोगों के पास खाने के लिए नहीं है लेकिन मोदी को इसकी परवाह नहीं है बल्कि उनका पूरा ध्यान सत्ता बचाने पर है। सोनिया गांधी ने सत्ता ठुकरा दी थी लेकिन मोदी सब कुछ भूल कर सत्ता में बने रहने के लिए काम कर रहे हैं।

खरगे ने कहा कि गांधी परिवार ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। हमेशा से बलिदान देकर देश की सेवा की। कांग्रेस मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है। भाजपा अमीरों और पूंजीपतियों को लाभ देने का काम करती है। पीएम मोदी ने कहा था कि काला धन वापस लाएंगे। गरीबों के खाते में 15 लाख रूपए भेजेंगे। सभी वादे बड़े झूठे साबित हुए है। 10 वर्षों के कार्यकाल में जनता के लिए क्या किया। मोदी सरकार के पास इसका कोई जवाब नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए मोदी जी नए-नए हथकंडे अपना कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं।




**घायल हुए बुजुर्ग को देखने अस्पताल पहुंचीं प्रियंका गांधी**

रायबरेली के लालगंज में 13 मई को राहुल गांधी की जनसभा में पहुंचे बुजुर्ग कांग्रेस समर्थक के पैर पर कॉलेज की दीवार का पिलर गिर गया था। हादसे में बुजुर्ग का पैर लहूलुहान हो गया। उसे इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया, जहां से सही इलाज न मिलने पर परिजनों ने बुजुर्ग को जेल रोड स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

मंगलवार की रात प्रियंका गांधी घायल बुजुर्ग को देखने के लिए नर्सिंग होम पहुंची। हालचाल लेने के बाद अस्पताल प्रबंधन को बेहतर इलाज करने के लिए कहा। सरेनी थाना क्षेत्र के सुब्बा खेड़ा गांव निवासी जालिपा सविता (65) पुत्र बैजनाथ 13 मई को लालगंज के बैसवारा इंटर कालेज में राहुल गांधी की चुनावी जनसभा में गए थे। दोपहर दो बजे कॉलेज गेट के पास फायर ब्रिगेड की गाड़ी से गेट हिल गया और इसी दौरान ईंटों का बना सीमेंटड पिलर जालिपा के पैर पर भरभरा कर गिर पड़ा। बुरी तरह घायल जालिपा को सीएचसी लालगंज लाया गया जहां से उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

# पीएनबी के एटीएम बूथ पर शार्ट सर्किट से लगी भीषण आग

संवाददाता

**झांसी, 15 मई (नवसत्ता)।** जिले में बुधवार सुबह करीब दस बजे गल्ला मंडी रोड स्थित पीएनबी के एटीएम बूथ पर शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने पूरे बूथ को चपेट में ले लिया और दूसरी मंजिल में स्थित घर तक जा पहुंची। घर के अंदर से किसी तरह परिजनों को बाहर निकाला गया। दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

गल्ला मंडी रोड पर किसान बाजार के पास रहने वाले शैलेंद्र राजपूत के घर के नीचे पीएनबी बैंक का एटीएम बूथ है। वह खुद परिवार के साथ ऊपरी मंजिल में रहते हैं। सुबह उनके दोनों बच्चे स्कूल चले गए। घर में शैलेंद्र एवं उनकी पत्नी मौजूद थीं। सुबह करीब दस बजे शार्ट सर्किट होने से एटीएम बूथ में आग लग गई। अंदर से धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाना शुरू किया।

कुछ ही देर में आग भड़क उठी।



आग ने बूथ को अपनी चपेट में ले लिया और ऊपरी मंजिल तक जा पहुंची। शैलेंद्र की पत्नी ने आग फैलती देख शोर मचाया। वहां मौजूद लोगों ने दोनों को किसी तरह बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस समेत फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

सीओ सिटी राजेश राय के मुताबिक आग पर काबू पा लिया गया है। एटीएम बूथ को नुकसान पहुंचा है। आगजनी की घटना से कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है।

# पूर्ववर्ती सरकारों ने रायबरेली को केवल विकास के नाम पर ठगा हैः ए.के. शर्मा

संवाददाता

**रायबरेली, 15 मई (नवसत्ता)।** नगर विकास मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट कहा कि गांधी परिवार व कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने केवल रायबरेली को विकास के नाम पर ठगा है। जिसकी बदौलत आज रायबरेली जिला विकास से कोसों दूर है।

आप सभी लोग एकजुट व एकमत होकर अपने घर के लाल दिनेश प्रताप सिंह को भारतीय जनता पार्टी के कमल के निशान पर वोट देकर भारी बहुमत से विजई बनाएं। आप सभी को विष्वास दिलाता हूं कि यह रायबरेली जिला विकास के मामले में प्रदेश स्तर पर विकास रूपी जिला के रूप में जाना जाएगा।

यह उद्‌गार आज रायबरेली में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए नगर विकास एवं



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा व्यक्त कर रहे थे। बताते चले कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में आयोजित विशाल जनसभा की अगुवाई कर रहे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौर अलीपुर, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, विवेक पांडे, सुनील मौर्य, शिवकुमार त्यागी, अनुभव कक्कड़, पूर्व सभासद विजय धीमान सुधा अवस्थी, वंदना सिंह, सभासद रामकुमार, मुस्ताक रैनी, मोहम्मद अलीम, कमलेश कुमार, जमुना प्रसाद पासवान, धर्मेंद्र लोधी, विनीत वैश्य नूरुल हसन, राजकुमारी, उषा त्रिपाठी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# विंध्य स्टोन क्रेशर एसोसियेशन की हुई बैठक

संवाददाता

**मिर्जापुर, 15 मई (नवसत्ता)।** मिर्जापुर, विंध्य स्टोन क्रेशर एसोसियेशन की एक बैठक चौधरी भवन में हुई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष देवेंद्र सिंह जी ने की और संचालन राजेश मिश्रा किया।

सभा में संबोधन केशव नाथ तिवारी विभाग संपर्क प्रमुख ने किया उन्होंने आगामी 1 जून को होने वाले मतदान मे शत प्रतिशतअपने मतदान करें देश में राष्ट वादी सरकार बनाए देश समृद्ध शाली बने।

उन्होंने अपने संबोधन में अपने कर्मचारियों को छुट्टी दे कर मतदान के लिए भेजे तथा उस दिन का वेतन पूरा दे, यह अपील किए। सभी क्रेसर मालिको ने सहर्ष स्वीकारा और अपने अपने गावो में शत प्रतिशत मतदान कराने का संकल्प लिया उक्त कार्यक्रम में जयपाल गुप्ता, योगेन्द्र बहादुर सिंह



ऊर्फ डबलू सिंह, सूरज सिंह, आमोद सिंह आदि लोग थे।

## भाजपा विधायक पर प्लाट कब्जाने का आरोप

**फतेहपुर,15 मई (नवसत्ता)।** जिले में भाजपा की विधायक और उनके ब्लाक प्रमुख पुत्र पर एक परिवार ने जबरन प्लाट पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। न्याय नहीं मिलने पर ग्रामीणों के साथ लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गए हैं।

# पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने तूफानी जनसंपर्क कर इंडिया गठबंधन के पक्ष में मांगे वोट

संवाददाता

**मोहनलालगंज, 15 मई (नवसत्ता)।** पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर के नेतृत्व में दयालपुर छबीले खेड़ा मदापुर, छतौनी, हसनपुर कनेरी, मोती का पुरवा, सिसेंडी सहित दर्जन भर गांवों में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ इंडिया गठबंधन के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पूर्व मंत्री आर.के. चौधरी के समर्थन में जनसंपर्क कर साईकिल चुनाव चिन्ह पर वोट देने की अपील की।

इस दौरान श्री पुष्कर ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर सभी किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा वहीं मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 450 रूपये कर दी जाएगी। महिलाओं को वर्ष में एक लाख रूपये दिए जाएंगे।

श्री पुष्कर ने कहा कि वह क्षेत्र के हर प्रकार के सुख दुख मौजूद रहे हैं लेकिन भाजपा के लोग वोट लेकर



गायब हो जाते हैं। मोहारी कला शिवलर में समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि यह संविधान, लोकतंत्र आरक्षण बचाने का चुनाव है। श्री पासवान ने कहा कि रोजगार खत्म है शिक्षा महंगी हो गयी है।

दिनेश यादव चेयरमैन मो. सुफियान, नवनीत सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह पूर्व प्रधान, मो. लतीफ फारूकी, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, रेशमा रावत, पूर्व दल्लू सिंह इमरान खान, समरपाल यादव, भोला लोधी, अनिल रावत, सुभाष गुप्ता गजराज रावत, जितेन्द्र त्यागी, गुड्डू यादव,पीताम्बर प्रसाद, परीदीन पूर्व प्रधान, उमेश यादव पूर्व प्रधान संतराम रावत, हरी शंकर रावत, अशर्फी लाल धीमान, मनोहर लाल रावत, आशा राम रावत, रानू पासी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम किशोर रावत, प्रधान प्रमोद वर्मा, मो. हनीफ, प्रमोद कश्यप, सर्वेश कुमार रावत, धर्मेन्द्र कुमार रावत विजय सिद्धार्थ, मो.रईस कुरेशी सतीश गुप्ता, राजू रावत, दिलीप यादव, विजय यादव, अंगूर सिंह, हरदेव रावत दिलशाद, किशन यादव, आशीष यादव, पवन यादव, राम शंकर, जितेंद्र रावत,विमला रावत, गुड्डू यादव, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पति ने पत्नी पर फरसे से किया वार, हाथ कटकर अलग गिरा

संवाददाता

**सीतापुर, 15 मई (नवसत्ता)।** जिले के अटरिया थाना क्षेत्र में बीती मंगलवार रात एक गांव निवासी दंपती में मामूली बात पर विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर सनकी पति ने पत्नी पर फरसा से वार कर दिया। इसमें महिला का एक हाथ कट गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, महिला का पीजीआई में इलाज जारी है।

थाना क्षेत्र के धारानगर गांव के मजरा नीलगांव निवासी गीतादेवी (35) का मंगलवार रात अपने पति अनिल कुमार से लाइट बन्द करने की बात को लेकर झगड़ा हो गया। क्रोधित होकर अनिल कुमार ने अपनी पत्नी पर फरसा से तीन बार वार किया जिससे पत्नी का हाथ कलाई पर से कटकर अलग हो गया। परिजनों ने पुलिस को




सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस व परिजन महिला को सीए सी सिधौली ले गये जहां चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। वहां से उसे पीजीआई भेजा गया। जहां महिला का इलाज जारी है।

घायल महिला की सास रामलली ने अपने पुत्र के खिलाफ थाने में तहरीर दी है जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। एसओ रोहित दुबे ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# व्यापारियों के लिए सबसे व्यवस्थित सरकार साबित हुई भाजपाः संजय सेठ

संवाददाता

**रायबरेली, 15 मई (नवसत्ता)।** लोकसभा चुनाव-2024 में यह संदेश देने के लिए कि भाजपा सरकार योगी और मोदी के नेतृत्व में व्यापारियों के लिए सबसे सुरक्षित और व्यवस्थित सरकार बनी है, इसके लिए एक व्यापारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। उद्योग व्यापार मण्डल के द्वारा स्थानीय होटल में आयोजित इस व्यापारिक सम्मेलन में राज्य सभा सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, उन्होनें भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए सरकार को व्यापारियों के लिए सबसे सुरक्षित और व्यवस्थित सरकार बताया। श्री सेठ ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील करते कहा कि चाहे




जीएसटी का मामला हो, बिजली की आपूर्ति हो, माफियावाद से मुक्ति हो व्यापार के लिए मुद्रा या फिर लोन दिए जाने की व्यवस्था हो, इन सभी मुद्दों में भाजपा सरकार खरी उतरी है। उन्होनें पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश का यह ऐसा क्षेत्र था, जहां पर सबसे ज्यादा व्यापारियों के साथ लूट होती थी, जिसे योगी सरकार की शक्ति के बाद खत्म कर दिया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे, उन्होनें पिछली सरकारों की तुलना में वर्तमान सरकार को व्यापारियों की हितैषी बताया। उन्होनें बताया कि सरकार ने व्यापारिक कल्याण बोर्ड की स्थापना की, जिसके माध्यम से व्यापारी अपनी समस्त समस्याओं का समाधान बोर्ड के सदस्य या उपाध्यक्ष के माध्यम से कर सकते हैं।उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश महामंत्री व जिलाध्यक्ष पंकज मुरारका ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। पंकज मुरारका ने कहा कि माफियावाद और गुण्डावादा खत्म होने पर व्यापारियों में सुरक्षा की भावना जगी है, क्योंकि संगठित अपराध व्यापारियों के साथ लूट का एक कारण बनती थी, इसके खत्म होने के बाद अब हाईवे पर चलने पर डर नहीं लगता और बैंक से अपने प्रतिष्ठान तक आने में संकोच नहीं होता। जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी व लोकसभा संयोजक रामदेव पाल ने भारी मतों से दिनेश प्रताप सिंह को जिताने की व्यापारियों से अपील की।

इस व्यापारिक सम्मेलन में पूरे जिले से व्यापारी आए थे, जिसमें जगतपुर ऊँचाहार, हरचन्दपुर, बछरावां रामगंज, कठवारा, राही, मुंशीगंज गंगागंज, घुरवारा, मुराई का बाग डलमऊ, तकिया चौराहा, अमांवा लालगंज, सेमरी, लक्ष्मनगंज भोजपुर महारानीगंज चौराहा, रूस्तमपुर कुचरिया, महराजगंज और थुलवांसा सहित पूरे जिले के व्यापारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और रायबरेली के लोकसभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह जी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# वीवीआईपी ड्यूटी में गए डॉक्टरों के जाने से अस्पताल में मरीज लाचार

संवाददाता

**अमेठी, 15 मई (नवसत्ता)।** जिले में वीवीआईपी का जमावड़ा रहा। जिला अस्पताल सहित पांच सीएससी के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की वीवीआईपी ड्यूटी लगने से अस्पताल आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मरीज इलाज करने के लिए परेशान दिखे।

मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी समेत कई अन्य नेताओं की चुनावी जनसभाएं थीं। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए जिला अस्पताल के एक चिकित्सक, तो अमेठी सीएचसी के तीन चिकित्सक, भेटुआ और फुरसतगंज के एक-एक चिकित्सक तथा तीन तीन फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय व एक एलटी की ड्यूटी लगी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए जिला अस्पताल के एक चिकित्सक, जगदीशपुर सीएचसी के पांच चिकित्सक तथा बाजार शुकुल के एक चिकित्सक तथा जगदीशपुर के दो और बाजार शुकुल के एक फार्मासिस्ट एवं एक एलटी की ड्यूटी लगी तो तीन वार्ड ब्वाय की ड्यूटी लगाई गई थी। जिससे अमेठी, जगदीशपुर, भेंटुआ, फुरसतगंज और बाजार शुकुल सीएचसी पर आए मरीजों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। सुबह अमेठी सीएचसी पर मरीजों की भारी भीड़ रही।

अधीक्षक डॉक्टर आलोक तिवारी ओपीडी इमरजेंसी करते दिखे। ओपीडी इमरजेंसी ड्यूटी के बीच सीएससी पर अल्ट्रासाउंड कराने आए करीब 61 से अधिक मरीजों का अधीक्षक डॉ. आलोक तिवारी ने अल्ट्रासाउंड किया। यही हालत जगदीशपुर में भी रही।

# स्मृति ईरानी के समर्थन में भाजपा नेता ने किया जनसंपर्क

संवाददाता

**तिलोई-अमेठी, 15 मई (नवसत्ता)।** केंद्रीय मंत्री अमेठी से लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी स्मृति जुबिन ईरानी के समर्थन में भाजपा नेता धर्मेश कुमार मिश्र लगातार मतदाताओं से जनसंपर्क कर भाजपा सरकार की नीतियों को अवगत कराते हुए वोट मांग रहे हैं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ धर्मेश कुमार मिश्रा प्रत्येक गांव के घर-घर पहुंचकर सभी धर्म के लोगों के यहां जाकर उनसे भाजपा सरकार द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को उल्लेख करते हुए वोट देने की अपील कर रहे हैं। उन्हें पूरा आश्वासन दे रहे हैं की भाजपा की सरकार में ही उनके क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हुआ है और कानून व्यवस्था भी सरकार में कायम है। मतदाताओं से धर्मेश कुमार मिश्रा कहना है कि वे कांग्रेस पार्टी के बहकावे में न आये उनका कोई



अस्तित्व नहीं है वह सिर्फ कुछ दिन अपना चेहरा दिखा कर यहां से लापता हो जाएंगे और आपका कीमती वोट खराब करेंगे। इसलिए 20 तारीख को भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ईरानी को जीतने के लिए कमल का बटन दबाए और भारी मतों से जिताये। उनके साथ श्री मुरारीलाल मिश्र, जगप्रसाद पांडेय रामप्रताप पांडेय, भुनेश्वर मिश्र, राजीव त्रिवेदी, शरद पाठक, दीनानाथ त्रिवेदी प्रवेश शुक्ल, अनादि, रत्नेश, सोनू मोहित, पुष्पेश, पवन, मुकेश, राकेश मिश्रा आदि लोग मौजद रहे।

# एमपी के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भाजपा की सरकारों को बताया सुशासन का प्रतीक

संवाददाता

**लालगंज-रायबरेली, 15 मई (नवसत्ता)।** बुधवार को कस्बे के शिक्षण संस्थान चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज में भाजपा प्रत्याशी दिनेश सिंह के पक्ष में जनसंपर्क कर रहे मध्य प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भाजपा की सरकारों को सुशासन का प्रतीक बताया। हम सबको रायबरेली से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को सांसद बनाकर फिर से तीसरी बार मोदी सरकार बनानी है। हमें ऐसे सांसद को चुनना चाहिए जो हमारे हर सुख दुख में खड़ा रहे। राजेंद्र शुक्ला ने पार्टी की अन्य उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में गांव गरीब मजबूत हुआ है। हर घर को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सभी से नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया।



सरेनी विधानसभा प्रभारी सुशील शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं। वह कोई भी अन्य पार्टी नहीं कर सकती है। श्री शुक्ल ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की।

राहुल गांधी पर सियासी निशाना साधते हुए सुशील शुक्ला ने कहा कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस हार की हैट्रिक लगाने जा रही है। कांग्रेस को उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर हार का सामना करना पड़ेगा और बीजेपी 400 सीटें जीतकर देश में तीसरी बार सरकार बनाएगी। सीएमपीएस के एमडी दीप प्रकाश शुक्ला ने मुख्य अतिथि को कमल के फूल का प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मानित किया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ल ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया और मुख्य अतिथि राजेंद्र शुक्ला को आश्वासन दिया कि रायबरेली में कमल खिलेगा।कार्यक्रम का संचालन रोहित शर्मा ने किया। वही बैसवारा इंटर कॉलेज में भी एमपी के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रबुद्ध जनों को संबोधित किया। इस अवसर पर आशीष पांडेय, राजेश मिश्र रामकुमार बाजपेयी, नरेंद्र बहादुर सिंह नीरज बाजपेयी आदि मौजूद रहे।

# बीए की छात्रा ने किया सुसाइड

संवाददाता

**झांसी, 15 मई (नवसत्ता)।** जिले में एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। उसकी 11 जुलाई को शादी होने वाली थी। उसने कमरे को अंदर से बंद करके फांसी लगा ली। जब भाई ने खिड़की से उसे फंदे पर लटकता हुआ देखा तो दीवार तोड़ी और फंदे से उतार लिया। इसके बाद छात्रा को मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया था। मृतका रोशनी पाल मूल रूप से एरच थाना क्षेत्र के शमशेरपुरा गांव की रहने वाली थी।

## सीपरी बाजार में लगी आग, 7 दुकानें जली

**झांसी, 15 मई (नवसत्ता)।** जिले के सीपरी बाजार में रस विहार तिराहा के पास बुधवार को बाजार में भीषण आग लग गई। 4 मंजिला कोहली स्टोर से भड़की आग कुछ देर में ही 7 दुकानों में फैल गई। बाजार में भीषण आग से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सेना समेत 10 दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं।

# ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के लिए गृह कार्य दें शिक्षक

**अमेठी, 15 मई (नवसत्ता)।** जिले में संचालित 1570 परिषदीय स्कूलों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में 1.72 लाख विद्यार्थी शिक्षा हासिल कर रहे हैं। विभाग ने ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी है। बीएसए संजय कुमार तिवरी ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में 18 मई से 18 जून तक ग्रीष्म अवकाश रहेगा।

विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश 15 जून तक रहता है। इस बार 16 जून को रविवार पड़ रहा है। 17 जून को बकरीद पड़ रही है। इसलिए अब विद्यालय सीधे 18 जून को खुलेंगे। 18 मई से 17 जून तक परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश रहेगा। विभागीय अधिकारियों ने शिक्षकों को विद्यार्थियों को गृह कार्य देने के निर्देश दिए हैं।

## ऑपरेशन के दौरान मासूम की मौत

**प्रतापगढ़,15 मई (नवसत्ता)।** जिले के ढकवा नगर पंचायत में स्थित एक नर्सिंगहोम में ऑपरेशन के बाद दो साल के मासूम को रेफर किया गया लेकिन उसकी मौत हो गई थी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबंधक/विद्युत वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदायें आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1.; निविदा सूचना संख्याः ई–निविदा–एल–08–24–25; कार्य का नामः (1)** महाकुंभ–2025 के संबंध में पीआरआरबी में वाणिज्यिक विभाग के लिए एसी डारमेट्री (पुरूष और महिला), एसी लाउंज (पुरूष और महिला), रिटायरिंग रूम (02 अदद), स्विच रूम, स्टोर के साथ कार्यालय का प्रावधान, **(2)** महाकुंभ–2025 के संबंध में झूसी रेलवे स्टेशन भवन के फसाड का फेस लिफ्टिंग और अन्य संबंधित कार्य, **(3)** महाकुंभ–2025 के संबंध में पीआरआरबी स्टेशन भवन के फसाड का फेस लिफ्टिंग, **(4)** पीआरआरबी–महाकुंभ–2025 के संबंध में रेलवे स्टेशन पर लिफ्टों तथा संबद्ध कार्यों का प्रावधान के संबंध में विद्युतीय कार्य। **अनुमानित लागत(₹ में):** ₹41,58,624.52; **अमानत राशिः** ₹83,200/-; **कार्य समापन का समयः** 04 माह; **निविदा समापन की तिथि एवं समयः** 06.06.2024 को 14:30 बजे; **निविदा खोलने की तिथि एवं समयः** 06.06.2024 को 14:30 बजे; उपरोक्त ई–निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदाओं में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जायें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा० वाराणसी**

**मुजाधि/विद्युत–37**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाने वालों की जब्त होनी चाहिए जमानत : सीएम योगी

## रोड शो में उमड़ा जनसैलाब, पुष्पवर्षा से हुआ मुख्यमंत्री का स्वागत

संवाददाता

**महोबा/जालौन/झांसी, 15 मई (नवसत्ता)** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बुंदेलखंड के महोबा और जालौन लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा को संबोधित करके, जबकि झांसी में रोड शो के माध्यम से भाजपा और एनडीए प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील की। इस दौरान सीएम योगी विपक्षी दलों पर हमलावर रहे, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुणगान किया। महोबा में उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाने वालों की जमानत जब्त होनी चाहिए तो वहीं जालौन में आयोजित जनसभा में उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जवाब देते हुए कहा कि यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। राम द्रोहियों को केवल अपने परिवार की चिंता है, जबकि मोदी जी के लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है। वहीं झांसी में सीएम योगी ने भव्य रोड शो किया, जिसमें हजारों की संख्या में लोग उमड़े। रोड शो में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी साथ रहे।



महोबा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डाक बंगला मैदान में हमीरपुर लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के लिए जनसमर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश की सरकार ने सबसे अधिक बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास पर फोकस किया है। इस क्षेत्र को नोएडा की तर्ज पर विकसित किया जाएगा, जिसके बाद यहां के नौजवान पलायन नहीं करेंगे, बल्कि पूरी दुनिया से लोग यहां नौकरी और रोजगार के लिए आएंगे। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा और बसपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि पिछली सरकारों में बुंदेलखंड के क्षेत्र में माफिया और डकैत पैदा किये गये थे। बुंदेलखंड को पानी के लिए तरसाया गया। ऐसे लोगों की जमानत जब्त होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के साथ पिछली सरकारों ने बहुत अन्याय किया था। यह क्षेत्र प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। यहां नदी, नाले, खनन और पर्यटन की संभावना है। सपा सरकार ने यहां माफिया और डकैत पैदाकर के जनता का शोषण किया। आज बुंदेलखंड एक्सप्रेस को देखकर अच्छा लगता है। हमारा बुंदेलखंड अब विकास की नई ऊंचाइयों को छूने की ओर अग्रसर है।

जालौन लोकसभा क्षेत्र के उरई में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री और भाजपा, अपना दल, राष्ट्रीय लोकदल, निषाद पार्टी, सोहेल देव राजभर पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी भानु प्रसाद वर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के बयान पर कहा कि देश का चुनाव ध्रुवीकरण के बीच नहीं, ये चुनाव तो रामभक्तों और राम द्रोहियों के बीच में हो रहा है। एक तरफ सभी रामद्रोही खड़े हैं, रामभक्तों पर गोली चलाने वाले खड़े हैं, देश के साथ गद्दारी करने वाले और पाकिस्तान का राग अलापने वाले खड़े हैं। उन दुर्योधन और दुशासनों के खिलाफ इस महाभारत में आज मोदी जी भारतीय जनता पार्टी का सारथी बनकर कृष्ण की भूमिका में खड़े हैं। सीएम योगी ने कहा, ये जो रामद्रोही हैं, ये केवल अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। वहीं मोदी जी के लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है। सीएम योगी ने कहा कि जालौन बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार है। आज से दस साल पहले इसकी स्थिति क्या थी। सपा, बसपा और कांग्रेस ने बुंदेलखंड को माफिया के हवाले कर दिया था। लेकिन इन दस वर्ष में हमारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है। डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाली तोप जब भारत की सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तानियों की पैंट गीली हो जाती है। हमारा हस्तशिल्पी जब आज काम करता है तो दुनिया में सम्मान प्राप्त करता है। अब तो बुंदेलखंड में औद्योगिक नगर बसाने जा रहे हैं। अब मेरे बुंदेलखंड के नौजवानों को यहां से बाहर पलायन करना नहीं पड़ेगा, बल्कि दुनिया आपके पास नौकरी मांगने आएगी।

झांसी में सीएम योगी ने लक्ष्मी गेट स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के बाद रोड शो की शुरुआत की और लोकसभा प्रत्याशी अनुराग शर्मा के लिए वोट मांगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ सड़कों पर उमड़ी। सड़क के दोनों ओर से स्थानीय लोगों ने सीएम योगी पर फूलों की बारिश की। रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी सीएम योगी को देखने के लिए मौजूद रहीं। रोड शो में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शामिल हुए।

# ट्रक और डबल डेकर बस की टक्कर में कई यात्री घायल

संवाददाता

**हरदोई , 15 मई (नवसत्ता)** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में नेपाल से जा रही एक तेज रफ्तार डबल डेकर बस बुधवार तड़के सुबह ट्रैक्टर से टकराने के बाद सड़क किनारे खाई में पलट गई। इस दुर्घटना में कई यात्री घायल हो गये।

बस पर 70 नेपाली यात्री सवार थे जिनमे से एक दर्जन यात्री को चोट आई है। घायलों में 3 की हालत गंभीर है जिन्हे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाकी यात्रियों को मामूली चोट आयी है। घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने के पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

पुलिस सूत्रों ने बताया दुर्घटना का शिकार हुई यह डबल डेकर बस लखीमपुर जिले के पलिया से 70 नेपाली यात्रियों को लेकर मुंबई के लिए मंगलवार रात को निकली थी। आज सुबह करीब पांच बजे यह बस पाली-शाहाबाद मार्ग पर परेली के पास ट्रैक्टर से टकराने के बाद सड़क किनारे खाई में पलट गई। घटना से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सुबह टहलने निकले लोगों ने देखा तो मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और यह एंबुलेंस को दी। मौके पर आसपास के गांव के गांवों के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक मौके से भाग गया, इसके अलावा डबल डेकर बस के भी चालक परिचालक मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पाली थाने की पुलिस और 7 एंबुलेंस मौके पर भी पहुंची और बस में फंसे हुए यात्रियों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई, जिनका मौके पर प्राथमिक उपचार किया गया है।

बस में सवार नेपाल यात्री धर्मराज ने बताया कि जनपद लखीमपुर के पलिया से डबल डेकर बस नासिक जा रही थी तभी पाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद बस खाई में पलट गई।

# नरही ब्रांच बैंक ऑफ़ बड़ौदा में मनाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



संवाददाता

**लखनऊ, 15 मई (नवसत्ता)** हजरतगंज नरही ब्रांच बैंक आफ बडौदा ब्रांच में आज शाम को मतदाता जागरूकता अभियान बड़े धूमधाम से मनाया गया जिसमें ब्रांच में उपस्थित सभी कर्मचारी गण तथा रीजनल ऑफिस से आए आशुतोष गोस्वामी तथा ब्रांच मैनेजर कन्हैया कुमार मैनेजर सरिता सिंह तथा सौरव वर्मा, सिनियर मैनेजर अजय सिंह, नितिश सिंह, हिना रवान, अरविंद विश्वकर्मा आदि बैंक के समस्त कर्मचारी मौजूद थे।

# कानपुर के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**कानपुर, 15 मई (नवसत्ता)** उत्तर प्रदेश के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी हैं। इसी कड़ी में अब कानपुर के भी 7 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी ने हड़कंप मचा दिया है। इस संबंध में स्कूल प्रशासन को धमकी भरा ई-मेल मिला है। जिसके बाद स्कूलों में अफरा-तफरी का माहौल है। सोमवार को एक स्कूल को ईमेल पहुंचा जिसके बाद पूरे परिसर को बम निरोधक दस्ते से चेक कराया गया। इस बीच मंगलवार को नौ और स्कूलों को धमकी मिली है। कुछ स्कूलों ने निजी स्तर पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। जानकारी के अनुसार,नजीराबाद के सनातन धर्म



मंदिर स्कूल और बर्रा ञ्चष्ठ्रू स्कूल समेत कानपुर के 7 स्कूलों को उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरा मेल स्कूल प्रबंधन को मिला है। जिसके बाद आनन-फानन में इसकी कॉपियां निकाल कर स्थानीय थानों को भेजी गई। देर रात बम स्क्वॉड के साथ स्कूलों की चेकिंग कराई गई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से स्कूलों की सुरक्षा बढ़ाई दी गई है। फिलहाल जांच में अभी तक कुछ नहीं पाया गया है। प्राथमिक जांच में पाया गया कि मेल रूस के सर्वर से जनरेट की गई थी। इस बारे डीसीपी साउथ रवींद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को केडीएमए स्कूल को धमकी भरा ई-मेल आया था। इसकी जानकारी मिलते ही स्कूल परिसर की बम व डॉग स्क्वाड से जांच कराई गई। मंगलवार को गुलमोहर पब्लिक स्कूल में धमकी का ई-मेल आया है। बुधवार को स्कूल खुलने पर वहां की भी चेकिंग कराई जाएगी। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि कौशलपुरी के सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर की प्रिंसिपल को भी धमकी भरा ई-मेल आया है। डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि बिठूर क्षेत्र के चिंटल्स स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी का ई-मेल आया है। मामले की जांच कराई जा रही है। इसके अलावा शहर के छह और स्कूलों को धमकी भरा मेल आया है। अधिकारियों का कहना है कि सभी स्कूलों में बम निरोधक दस्ते भेजकर चेकिंग कराई जाएगी। साथ ही ईमेल भेजने वाले तक पहुंचने के लिए टीमें लग गई हैं।

# बच्चों द्वारा रंगोली के माध्यम से मतदान के लिए दिया संदेश पहले मतदान फिर काम



संवाददाता

**बस्ती, 15 मई (नवसत्ता)** बस्ती जिले आज बच्चों द्वारा रंगोली के माध्यम से विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य आदरणीय अरविंद कुमार त्रिपाठी जी ने यह संदेश दिया कि प्रत्येक बच्चा अपने माता-पिता तथा जो भी मतदान करने की योग्य है उसे जागरूक करें और पहले मतदान फिर जलपान को साकार करें। रंगोली विद्यालय के योग्य कला शिक्षक डॉ नवीन श्रीवास्तव जी के देखरेख में विद्यालय के बच्चे तैयबा खातून, दिव्या मौर्य, हुमैरा खातून, फरहीन खान, दर्शिका श्रीवास्तव, शिल्पी, अंतिम पाठक, वर्तिका शुक्ला आदि ने आदि ने अच्छे ढंग से रंगोली को बनाया। आदरणीय प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को बधाई दी बधाई कार्यक्रम में विद्यालय के मनोज राय जी, पवन कुमार शुक्ला, अभय कुमार उपाध्याय, संदीप मणि त्रिपाठी, अनुराग कृष्ण यादव, वीरेंद्र कुमार वरुण, विनय कुमार राय, श्याम बहादुर पांडे, हीरालाल , इंद्रमणि चौधरी, मुकेश कुमार त्रिपाठी, प्रत्यूष कुमार सिंह, तिलकराम वर्मा, शिवनाथ, शिवपूजन, श्रीमती निवेदिता पांडे, संतोष शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में तीन साधुओं की दर्दनाक मौत अयोध्या से परिक्रमा करके लौट रहे

संवाददाता

**बस्ती, 15 मई (नवसत्ता)** बस्ती जिले के थाना परशुरामपुर के अंतर्गत रायपुर गांव के पास 84 कोसी परिक्रमा कर वापस लौट रहे तीन साधुओं की सड़क हादसे में हो गई दर्दनाक मौत।

अयोध्या से 84 कोसी परिक्रमा पूर्ण कर घर वापस जा रहे थे इसी बीच रास्ते में ही पिकअप ने ठोकर मार दिया और ठोकर मारने के बाद पिकअप लेकर चालक भाग गया। घटनास्थल पर राहगीरों ने एंबुलेंस 108 को बुलाया तीनों साधुओं को एंबुलेंस में लादकर श्री राम हॉस्पिटल अयोध्या पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने तत्काल मृत्यु घोषित कर दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों की माने तो जिस पिकअप से साधुओं का एक्सीडेंट हुआ उसमें भी



साधु सवार थे मिली जानकारी अनुसार पिकअप चालक की आंख झपकने की वजह से सड़क हादसा हुआ सड़क हादसे में दिन तीन साधुओं की जान गई जिनका नाम राममिलन पाल पुत्र रामखेलावन साकिन भागीपुर थाना इनायत नगर अयोध्या दूसरे साधु अच्छे लाल पुत्र गिरीश चंद्र साकिन डूंगरी थाना पनियरा जिला महराजगंज तीसरे साधु राम भजन पाल पुत्र राम अवतार साकीन डुगरी थाना पनियरा जिला महाराजगंज तीनों साधु 50 वर्ष ऊपर आयु के थे।

मृतक तीनों साधुओं का शव कब्जे में लेकर थाना परशुरामपुर की पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि हादसा करने वाले पिकअप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है मृतक साधुओं के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है आगे की कार्रवाई प्रचलित है।

# अखंड प्रताप सिंह को पत्रकार संगठन एनयूजे के समर्थन का ऐलान



संवाददाता

**लखनऊ, 15 मई (नवसत्ता)** आज मीराबाई मार्ग स्थित विधायक निवास में आहूत प्रतिष्ठित नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स एनयूज के एक विशेष बैठक में 35- लखनऊ संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी अखंड प्रताप सिंह जिनका चुनाव चिन्ह सिलाई की मशीन है को एक स्वर से इस लोकसभा चुनाव में समर्थन देने का ऐलान किया गया। अखंड प्रताप सिंह खुद भी मीडिया जगत के वरिष्ठ कर्मयोगी हैं, जो देश के कई नामचीन मीडिया हाउसेस में वरिष्ठ पदों पर कार्य कर चुके हैं। इस अवसर पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सक्सेना, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रमोद गोस्वामी, राष्ट्रीय उपध्यक्ष अजय कुमार, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुपम चौहान, संरक्षक के बख्श सिंह, संरक्षक सुरेन्द्र दूबे, लखनऊ अध्यक्ष आशीष मौर्य,लखनऊ महामंत्री पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ कोषाध्यक्ष अनुपम पाण्डेय, श्यामल त्रिपाठी, ऋषि, मंत्री नागेंद्र सिंह, किरन सिंह, संगठन मंत्री अश्विनी जायसवाल, उपाध्यक्ष मीनाक्षी वर्मा, मंत्री संगीता सिंह, मनीषा सिंह, धीरेन्द्र मिश्रा, अलोक श्रीवास्तव, मंगल सिंह, रोहिताश सिंह, उपाध्यक्ष अभिनव श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।

# इंस्टाग्राम पर अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप लगा कर की मारपीट, माँ-बेटे समेत तीन घायल

संवाददाता

**उन्नाव, 15 मई (नवसत्ता)** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहमत नगर मोहल्ले में रहने वाला एक युवक इंस्टाग्राम पर रील देख रहा था, तभी पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे ने अपने घर में बताया कि युवक ने उसे अश्लील वीडियो दिखाएं। जिस पर विवाद हो गया। इस दौरान जमकर लाठी डंडे चले।

जिससे महिला समय तीन लोगों को गंभीर चोटें आई। घायलों को इलाज के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रहमतनगर के रहने वाले अमित गुप्ता नगर कस्बा में पानी के बताशे का ठेला लगाते हैं। अमित गुप्ता ने बताया कि मोहल्ला के ही रहने वाला है। 11 वर्षीय किशोर उनकी दुकान पर आता रहता था। खाली समय में वह इंस्टाग्राम पर वीडियो देखता था।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई– ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | Parking-LKO-SHG-FW-129-24-2 (Parking - Four Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | Parking-LKO-BOY-TW-8-24-1 (Parking Two Wheeler) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | Parking-LKO-JOP-MX-133-24-1 (Parking - Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | Parking-LKO-AY-MX-134-24-1 (Parking - Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | Parking-LKO-PRG-MX-88-24-1 (Parking - Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | Parking-LKO-AME-MX-132-24-1 (Parking - Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2024 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | Parking-LKO-RDL-MX-90-24-5 (Parking - Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.05.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.05.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.05.2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |

वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है : E-Auction Module of www.ireps.gov.in.

No. : C/113-E Auction Policy/2024/SKS Dt. 15.05.2024 1466/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# यूपी को व्यापक विकास की दिशा में ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता पर अटल हैं : नीरज सिंह




संवाददाता

**लखनऊ, 15 मई (नवसत्ता)** इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स ने एसोचैम उत्तर प्रदेश की सहभागिता से एक नगर का विकास एवं उन्नति एक नेता का सर्वोच्च कर्तव्य है शीर्षक आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया, जिसमें नगर विकास में नेतृत्व की भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला गया। आयोजन में लखनऊ के आर्थिक तथा सांस्कृतिक विकास हेतु बौद्धिक संपदा के महत्व को उल्लेखित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि नीरज सिंह, अध्यक्ष यंग बिजनेस लीडर्स फोरम उ.प्र. राज्य परिषद फिक्की ने विकास एवं उन्नयन में नगरीय नेतृत्व के दायित्व को वर्णित किया। श्री सिंह ने बताया कि कैसे बेहतर कानून व्यवस्था तथा राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त विशेष रियायतें एवं प्रोत्साहनों द्वारा निर्मित अनुकूल वातावरण से उत्तर प्रदेश में निवेश की सुगमता में वृद्धि हुई है।

उन्होंने प्रदेश को उभरते हुए आर्थिक पावरहाउस के रूप में स्थापित करने, रोजगार के अवसर उत्पन्न करने तथा विकास को गति देने की राजनैतिक प्रतिबद्धता पर बल दिया। एक शहर सिर्फ अवसंरचना के निर्माण से आगे नहीं बढ़ता, उसमें एक जीवंत ईकोसिस्टम भी होना आवश्यक है जहां समुदाय फल-फूल सकें। प्रभावी नगरीय नेतृत्व में आर्थिक जीवन शक्ति, सामाजिक समावेशिता, पर्यावरणीय स्थिरता और सांस्कृतिक संवर्धन को शामिल करने वाला एक समग्र दृष्टिकोण समाहित होता है।

# अपर महानिदेशक ने नेवल एन.सी.सी यूनिट में कैडेटों के प्रशिक्षण की समीक्षा की

संवाददाता

**लखनऊ, 15 मई (नवसत्ता)** एन.सी.सी निदेशालय (उत्तर प्रदेश) के अपर महानिदेशक मेजर जनरल विक्रम कुमार ने आज यूपी नेवल यूनिट एन.सी.सी लखनऊ का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य पिछले प्रशिक्षण सत्र के दौरान यूनिट के प्रदर्शन की समीक्षा करना और नेवल एन.सी.सी के प्रशिक्षण का मूल्यांकन करना था। एन.सी.सी ग्रुप मुख्यालय लखनऊ के ग्रुप कमांडर और नेवल यूनिट के कमान अधिकारी ने ए.डी.जी का स्वागत किया। कैडेटों ने ए.डी.जी के लिए गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया, जिसके पश्चात उन्हें गोमती रिवर फ्रंट पर प्रशिक्षण गतिविधियों, सीमैन -शिप कौशल आदि पर एक ब्रीफिंग दी गई। अपने इस दौरे पर ए.डी.जी ने प्रशिक्षण वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए योग्य कैडेटों को पुरस्कृत किया।



लीडिंग कैडेट दिव्या वशिष्ठ और कैडेट सीनियर अंडर ऑफिसर सत्यम कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डीजी एन.सी.सी प्रशस्ति बैज से सम्मानित किया गया। लीडिंग कैडेट अमन सिंह को भारतीय तटरक्षक जहाज समुद्र पहरेदार पर ओवरसीज डिप्लॉयमेंट कैंप के सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया, जिस दौरान कैडेट अमन ने फिलीपींस, वियतनाम और ब्रुनेई का दौरा किया। मेजर जनरल विक्रम कुमार ने लखनऊ के सभी 14 संबंधित संस्थानों में कैडेटों के नौसैनिक प्रशिक्षण में सुधार के लिए यूनिट द्वारा किए गए समर्पित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कैडेटों के संस्थागत और क्षेत्रीय प्रशिक्षण को बेहतर बनाने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। ए.डी.जी ने कैडेटों से आचरण और अनुशासन के उच्चतम मानक बनाए रखने, सभी प्रशिक्षण और साहसिक गतिविधियों में गहरी रुचि लेने और नेतृत्व गुणों को विकसित करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने का आग्रह किया। उनका यह दौरा यूनिट स्टाफ को तथा कैडेटों को आगामी कार्यक्रमों और शिविरों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए प्रेरित करने का काम करेगा।

# सम्पादकीय

## पर्यावरण को स्वर्गमय बनाने की शुरुआत परिवार से हो

**परिवारों के महत्व और समाज में उनकी भूमिका का जश्न मनाने के लिए 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस एक वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने परिवारों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनके सामने आने वाली चुनौतियों को उजागर करने, एकजुटता के आदर्शों को बढ़ावा देने और दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को मजबूत करने वाले प्रयासों को प्रदर्शित करने के लिए इसे 1994 में एक संकल्प के रूप में अपनाया।**

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस की 30वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जिसका थीम है परिवार और जलवायु परिवर्तन। इसका लक्ष्य परिवारों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें इन प्रभावों को कम करने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहित करना है। परिवार और सामुदायिक पहल शिक्षा, सूचना पहुंच, प्रशिक्षण और सामुदायिक भागीदारी प्रदान करके जलवायु परिवर्तन से पर्यावरण एवं जीवन पर पड़ रहे खतरों से सावधान करना एवं पर्यावरण को साफ-सुथरा बनाना है। 1983 में, आर्थिक और सामाजिक परिषद और सामाजिक विकास आयोग ने सिफारिश की कि संयुक्त राष्ट्र पारिवारिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करे। संयुक्त राष्ट्र ने माना कि बदलती आर्थिक और सामाजिक संरचनाएं दुनिया भर में पारिवारिक इकाइयों को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए, 1993 में, इसने आधिकारिक तौर पर 15 मई को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस के रूप में घोषित किया।

स्पष्ट है कि किसी भी समाज का केंद्र परिवार ही होता है। परिवार ही हर उम्र के लोगों को सुकून पहुंचाता है। दरअसल सही अर्थों में परिवार वह संरचना है, जहां स्नेह, सौहार्द, सहयोग, संगठन, सुख-दुःख की साझेदारी, सबमें सबके होने की स्वीकृति जैसे जीवन-मूल्यों को जीया जाता है। जहां सबको सहने और समझने का अवकाश है, अनुशासना के साथ रचनात्मक स्वतंत्रता है। निष्ठा के साथ निर्णय का अधिकार है। जहां बचपन सत्संस्कारों में पलता है। युवकत्व सापेक्ष जीवनशैली में जीता है। वृद्धत्व जीए गये अनुभवों को सबके बीच बांटता हुआ सहिष्णु और संतुलित रहता है। ऐसे परिवार रूपी परिवेश में सुखी जीवन का स्रोत प्रवहमान रहता आया है। लेकिन आज इस परिवार की संरचना में आंच आयी हुई है। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ है। विश्वास संदेह में उतर रहा है। कोई किसी को सहने और समझने की कोशिश नहीं कर रहा है। इन स्थितियों पर नियंत्रण की दृष्टि विश्व परिवार दिवस मनाये जाने की प्रासंगिकता आज अधिक सामने आ रही है।

परिवार सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के अभाव में मानव समाज के संचालन की कल्पना भी दुष्कर है। प्रत्येक व्यक्ति किसी-न-किसी परिवार का सदस्य रहा है या फिर है। उससे अलग होकर उसके अस्तित्व को सोचा नहीं जा सकता है। भारत की संस्कृति और सभ्यता कितने ही परिवर्तनों को स्वीकार करके अपने को परिष्कृत कर ले, लेकिन परिवार संस्था के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आई। परिवार बने और बन कर भले टूटे हों लेकिन उनके अस्तित्व को नकारा नहीं जा सकता है। उसके स्वरूप में परिवर्तन आया और उसके मूल्यों में परिवर्तन हुआ लेकिन उसके अस्तित्व पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया जा सकता है। हम चाहे कितनी भी आधुनिक विचारधारा में हम पल रहे हो लेकिन अंत में अपने संबंधों को विवाह संस्था से जोड़ कर परिवार में परिवर्तित करने में ही संतुष्टि अनुभव करते हैं। बावजूद इसके क्यों परिवार बिखर रहे हैं, परिवार संस्था के अस्तित्व पर क्यों धुंधलके छा रहे हैं- इस तरह के प्रश्न समाधान चाहते हैं। भारत में सर्वोच्च न्यायालय ने इसी समाधान के लिये हिन्दू विवाह परम्परा को बल देने की बात हाल ही में कही हैं।

सच है कि आज संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं। एकल परिवार भी तनाव में जी रहे हैं। बदलते परिवेश में पारिवारिक सौहार्द का ग्राफ नीचे गिर जा रहा है जो एक गंभीर समस्या है। परिवार से पृथकता तक तो ठीक है, किंतु उसके मूल आधार स्नेह में भी खटास पड़ जाती है। स्नेह सूत्र से विच्छिन्न परिवार फिर 'घर' के दिव्य भाव को नहीं जी पाता क्योंकि तब उसकी दशा 'परिवार के सदस्यों की परस्पर अजनबी समूह' जैसी हो जाती है। समस्या आदिकाल से है, किंतु वह अब तक इसलिए है क्योंकि अधिकांश परिवारों ने समाधान के अति सरल उपायों पर विचार ही नहीं किया या फिर यों कहें कि अपनी रूढ़िवादिता की झोंक में विचार करना पसंद ही नहीं किया। मेरे विचार से, स्नेह, सम्मान और स्वतंत्रता की सूत्रत्रयी ही समाधान का मूल है। यदि तीनों का परस्पर अंर्तसंबंध समझकर उसे आचरण में उतार लें, तो घर को 'स्वर्ग' बनते देर नहीं लगेगी। जब घर स्वर्ग बनने लगेंगे तो दुनिया, प्रकृति एवं पर्यावरण भी स्वर्गमय बन जायेंगे। दुनिया भर की धन दौलत व्यक्ति को वह सुकून नहीं दे सकती जो स्नेह और सम्मान का मधुर भाव देता है। इन्सान की पहचान उसके संस्कारों से बनती है। संस्कार उसके समूचे जीवन को व्याख्यायित करते हैं।

# मुद्दा

## जीएसटी में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान

प्रह्लाद सबनानी

**आपको ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है।**

परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रयत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया था तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे धीरे दूर कर लिया गया है एवं आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है।

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मक्खी गुलाब के फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाड्य वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है।



भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टतः दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रैल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रैल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है। पीएम उज्जवल योजना के अंतर्गत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है। जन धन खाता योजना के अंतर्गत 52 करोड़ से अधिक खाते खोलकर नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में लाया गया है। इससे गरीब वर्ग के नागरिकों के लिए वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिला है। पूरे भारत में 11,000 से अधिक जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया गया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है।

विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना - के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है। वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में आई तेजी के चलते केवल गरीब वर्ग के लिए विशेष योजनाएं ही नहीं चलाई गई है बल्कि विशेष रूप से केंद्र सरकार के लिए अपने पूंजीगत खर्च में भी बढ़ोत्तरी करने में आसानी हुई है।

# राजनीति

## बीजेपी को धनंजय सिंह की हां और राजा भैया की ना, सियासत पर क्या होगा असर?

आशुतोष कुमार राय

**लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में मंगलवार को दो बड़े सियासी घटनाक्रम देखने को मिले। एक तरफ जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के मुखिया और कुंडा से बाहुबली विधायक राजा भैया ने बीजेपी को समर्थन देने से इनकार कर दिया तो वहीं दूसरी ओर जौनपुर से पूर्व बाहुबली सांसद धनंजय सिंह ने सत्ताधारी पार्टी को सपोर्ट कर दिया है।**

राजा भैया ने समर्थकों से अपने विवेक और पसंद के उम्मीदवार को वोट करने की अपील कर दी। वहीं धनंजय सिंह ने अपने समर्थकों के बीच बीजेपी को सपोर्ट करने की घोषणा कर दी। इसमें कोई दो राय नहीं कि पांचवें चरण के चुनाव से पहले दो बड़े बाहुबली नेताओं के ऐलान का असर यूपी की सियासत पर भी देखने को मिलेगा। उत्तर प्रदेश की सियासत में बीजेपी से दूर रहकर भी राजा भैया सत्ताधारी दल के साथ चल रहे थे। दूर इसलिए क्योंकि उनकी पार्टी जनसत्ता दल का बीजेपी से गठबंधन नहीं है। फिर भी पिछले आठ सालों से राजा भैया हर मुश्किल समय में बीजेपी के साथ खड़े रहे। अब उन्होंने आगे ऐसा न करने की घोषणा कर दी है। प्रतापगढ़ में अपने घर पर उन्होंने अपनी पार्टी के नेताओं की बैठक बुलाई थी। जिसके बाद तय हुआ कि उनके समर्थक जैसा चाहे, वैसा करें। इस बार के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी जनसत्ता दल ने उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है। पिछले हफ्ते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद कहा जा रहा था कि राजा भैया अब बीजेपी के साथ रहेंगे, लेकिन उन्होंने ऐन वक्त पर झटका दे दिया है।

धनंजय सिंह के ऐलान के बाद केवल जौनपुर में ही नहीं बल्कि पूर्वांचल की कई सीटों पर सियासी समीकरण बदल जाएंगे। पूर्व सांसद



के खुलेतौर पर साथ आ जाने से जौनपुर में बीजेपी उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह की राह अब और आसान हो जाएगी। इसके साथ-साथ पूर्वांचल की कई सीटों पर भी बीजेपी डैमेज कंट्रोल करने में सफल रह सकती है। जौनपुर की राजनीति में धनंजय सिंह पुराने खिलाड़ी हैं। जौनपुर में 2 लाख से ज्यादा ठाकुर वोटर हैं। धनंजय खुद भी ठाकुर हैं और अपने समाज में उनकी अच्छी खासी पैठ भी है। ऐसे में धनंजय का ऐलान बीजेपी के लिए राहत देने वाला हो सकता है। धनंजय सिंह का रिश्ता वाराणसी में बृजेश सिंह से लेकर मिर्जापुर में विनीत सिंह और कुंडा में रघुराज प्रताप सिंह जैसे ठाकुर बाहुबलियों के साथ रहा है। पूर्वांचल में इन ठाकुर बाहुबली की तूती बोलती है। खासकर ठाकुर वोटरों में इन बाहुबलियों की अच्छी पकड़ रही है। जौनपुर सीट से लेकर प्रतापगढ़ गाजीपुर, बलिया, अयोध्या, भदोही चंदौली, मछलीशहर, घोसी, सोनभद्र और वाराणसी जैसी सीटों पर ठाकुर मतदाता ठीक-ठाक हैं।

जौनपुर लोकसभा सीट पर जातीय समीकरण की बात करें तो यहां करीब 29.5 लाख मतदाता हैं। इनमें 15.72 फीसदी के आसपास ब्राह्मण हैं। दूसरे नंबर पर ठाकुर वोटर आते हैं। जौनपुर सीट पर करीब 13.30 फीसदी राजपूत हैं। मुस्लिम करीब 2.20 लाख, यादव करीब 2.25 लाख और करीब 2.30 लाख के आसपास दलित मतदाता है। जौनपुर में अब तक हुए 17 चुनावों में से 11 बार राजपूत उम्मीदवारों को जीत मिली है। वहीं दो बार ब्राह्मण और चार बार यादव कैंडिडेट भी जीते हैं। मौजूदा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह भी ठाकुर हैं। ऐसे में धनंजय के दूर रहने से ठाकुर वोटरों में जो बिखराव का खतरा था शायद अब वो टल गया है।


अब बात राजा भैया की करें तो उन्होंने बीजेपी को मायूस कर दिया है। राजा भैया के ना की वजह से बीजेपी को कौशांबी और प्रतापगढ़ की लोकसभा सीट पर कड़ी टक्कर मिलेगी। बीजेपी इसी उम्मीद में थी कि अगर राजा भैया उनके साथ आ जाते हैं तो इन दो सीटों पर उनकी राह आसान तो होगी ही साथ में बीजेपी को लेकर ठाकुरों के बीच में जो नाराजगी है काफी हद तक उससे भी पार पाया जा सकता है। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। कौशांबी ऐसी लोकसभा सीट पर है जहां चुनाव में राजा भैया फैक्टर काम करता है। कौशांबी के पश्चिम में फतेहपुर, उत्तर में प्रतापगढ़ दक्षिण में चित्रकूट आता है। राजा भैया प्रतापढ़ की कुंडा विधानसभा सीट से विधायक हैं।

बीजेपी ने कौशांबी से विनोद सोनकर को मैदान में उतारा है। विनोद सोनकर यहां से मौजूदा सांसद भी हैं। वहीं, सपा ने इंद्रजीत सरोज को मैदान में उतारा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में विनोद सोनकर को 3,83,009 वोट मिले थे। वहीं, सपा के इंद्रजीत सरोज को 3,44,287 वोट मिले थे। सपा और बीजेपी के बीच में हार और जीत का अंतर मात्र 38,722 वोटों का था। 2014 में भी विनोद कुमार सांसद बने थे। तब उन्हें 3,31,724 वोट मिले थे और सपा के शैलेंद्र कुमार को 2,88,824 वोट मिले थे।

# अपनी बात

## सुखदेव को कालेपानी से बेहतर लगती थी शहादत

कृष्ण प्रताप सिंह



**वर्ष 1907 में 15 मई को तत्कालीन पंजाब प्रांत के लुधियाना में एक पंजाबी खत्री परिवार में जन्मे सुखदेव थापर ने 23 मार्च, 1931 को लाहौर सेंट्रल जेल में भगत सिंह व राजगुरु के साथ हंसते-हंसते शहादत पायी थी। उन तीनों का साझा 'कुसूर' था कुख्यात साइमन कमीशन के विरुद्ध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे लाला लाजपत राय पर गोरों की पुलिस द्वारा बरसाई गयी लाठियों का बदला लेने के लिए लाहौर के अंग्रेज पुलिस अधीक्षक जेम्स स्कॉट की हत्या की 'साजिश' रचना और धोखे में सहायक पुलिस अधीक्षक जॉन सांडर्स को मार डालना।**

उनके द्वारा एक साथ अपने प्राणों से देश प्रेम का मोल चुकाने के बाद कई दशकों तक राजगुरु समेत उन तीनों को उनके शहादत दिवस पर वैसे ही साथ साथ याद किया जाता रहा, जैसे शहादत के वक्त उन्होंने एक सुर में गाया था 'दिल से निकलेगी न मरकर भी वतन की उल्फत, मेरी मिट्टी से भी खुशबू ए-वफा आयेगी।' परंतु बाद में यह सिलसिला टूट गया। सुखदेव और राजगुरु लगभग बिसरा दिये गये और 23 मार्च केवल भगत सिंह के नाम होकर रह गया। निःसंदेह, इसके लिए हमारी नायक पूजा की वह प्रवृत्ति जिम्मेदार है जिसमें एक के बाद दूसरे की ही जगह नहीं होती और यहां तो ये तीन थे। जिस पर सामाजिक कृतघ्नता की विडंबना यह कि बाकी दोनों को उनकी जयंतियों पर याद करने की परंपरा भी मजबूत नहीं हो पायी। हालांकि उनकी शहादतें कतई उपेक्षणीय नहीं थीं। बहरहाल, आज सुखदेव की जयंती के अवसर पर उनकी ही बात करें, तो भगत सिंह और सुखदेव के जीवन में उनकी शहादत के अलावा भी बहुत कुछ साझा था। मसलन, उन्होंने देश को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से क्रांतिकर्म का एक जैसा रास्ता चुना और एक साथ लड़ते हुए शहादत पायी। दोनों 1907 में पंजाब में पैदा हुए। दोनों बचपन से ही आजादी का सपना पाले हुए थे और दोनों ने लाहौर नेशनल कालेज से पढ़ाई-लिखाई की थी। वर्ष 1928 में आठ सितंबर को हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की स्थापना कर चंद्रशेखर आजाद को उसका कमांडर-इन-चीफ बनाया गया तो सुखदेव उसकी सेंट्रल कमेटी के सदस्य और पंजाब के संगठन प्रमुख नियुक्त किये गये थे। अनंतर, वे छबील दास और सोहन सिंह जोश आदि के संपर्क में आये, तो मार्क्सवाद की ओर झुके और पंजाब के छात्रों व युवाओं को 'नौजवान भारत सभा' के बैनर तले मजदूरों व किसानों के बीच काम करने के लिए प्रेरित करने लगे। जानना दिलचस्प है कि भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु पर सांडर्स की हत्या का मुकदमा चल रहा था तो सुखदेव को कालापानी यानी लंबे जेल जीवन से फांसी बेहतर लगती थी। इसलिए एक समय उनको 'अंदेशा' हुआ कि हो न हो, उन सबकी फांसियां काले पानी में बदल दी जाएं और त्रासद काला पानी उन्हें बेदम करके रख दे, तो उन्होंने अलग जेल में बंद भगत सिंह को लिखा कि काला पानी भुगतते हुए 'मरने' से बेहतर होगा कि आत्महत्या कर लें। इस पर भगत सिंह ने उन्हें सावधान करते हुए लिखा कि 'आत्महत्या एक घृणित अपराध है,पूर्ण कायरता का कार्य, कोई भी मनुष्य ऐसे कार्य को उचित नहीं ठहरा सकता। आपत्तियों से बचने के लिए आत्महत्या कर लेने से जनता का मार्गदर्शन नहीं होगा, वरना यह एक प्रतिक्रियावादी कार्य होगा।

# चिंतन

## स्वदेश कमाई भेजने में सबसे आगे भारतीय

अजीत रानाडे

**संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन की विश्व प्रवासन रिपोर्ट 2024 में कई ऐसे तथ्य एवं आंकड़े हैं, जो शोधार्थियों, नीति-निर्धारक एवं मीडिया के लिए उपयोगी हैं। ऐसे दौर में, जब दुनियाभर में प्रवासन विरोधी भावनाएं बढ़ती जा रही हैं विमर्श में इन सूचनाओं का महत्व बहुत बढ़ जाता है। क्या प्रवासन एक मानवाधिकार है? भारतीय संविधान हर नागरिक को अपने देश के किसी भी हिस्से में आवाजाही का अधिकार देता है।**

लेकिन सीमा पार आना-जाना एक नितांत अलग स्थिति है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र स्पष्ट रूप से प्रवासन के अधिकार को मानवाधिकार के रूप में चिह्नित नहीं करता है, लेकिन अपने देश समेत किसी देश को छोड़ने के अधिकार को एक मौलिक अधिकार मानता है। यह विरोधाभासी प्रतीत होता है, पर ऐसा है नहीं। आपको यह अधिकार है कि आपका दमन व उत्पीड़न न हो, इसलिए आप दूसरे देश जा सकते हैं। लेकिन यह जरूरी नहीं है कि आपको स्वतः किसी देश में प्रवेश का अधिकार मिल जाता है।

इसी तरह से संयुक्त राष्ट्र शरण मांगने के और जबरदस्ती अपने देश न भेजने के अधिकार को भी मान्यता देता है। यह व्यवस्था दमन व उत्पीड़न के जोखिम को देखते हुए की गयी है। संयुक्त राष्ट्र का आकलन है कि 2022 में अंतरराष्ट्रीय प्रवासियों की संख्या 28.10 करोड़ थी, जो वैश्विक आबादी का 3.6 प्रतिशत है। इनमें संघर्ष, उत्पीड़न, हिंसा, राजनीतिक अस्थिरता आदि के कारण पलायन करने वाले लोगों के साथ-साथ आर्थिक अवसरों की तलाश के लिए



दूसरे देशों में जाने वाले प्रवासी भी शामिल हैं। आर्थिक कारणों से प्रवासन निश्चित रूप से मानवाधिकार नहीं है। पर एक बार कोई आर्थिक प्रवासी अन्य देश चला जाता है, तो उसके शोषण को रोकने और कुछ बुनियादी अधिकारों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय समझौते एवं कानून हैं। भारत के आर्थिक प्रवासियों का शानदार रिकॉर्ड रहा है।

वे लगभग तीन दशकों से अपनी मेहनत की कमाई देश वापस भेज रहे हैं, जिसके कारण विप्रेषण (रेमिटेंस) के मामले में भारत दूसरे देशों से बहुत आगे है। साल 2022 में भारत को विप्रेषण से 111 अरब डॉलर से अधिक प्राप्त हुए। यह राशि भारत के वस्तु व्यापार घाटे का लगभग आधा है। यह मेक्सिको और चीन को विप्रेषण से मिलने वाले धन के दुगुने से भी अधिक है। भारत को मिलने वाली यह कमाई 2010 की तुलना में दुगुने से भी अधिक हो गयी है और इसकी औसत सालाना वृद्धि दर छह प्रतिशत से अधिक है, जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से ज्यादा है। चीन की इस कमाई में कमी आ रही है तथा पाकिस्तान एवं बांग्लादेश को आने वाली रकम भारत की एक-चौथाई है। भारत के विप्रेषण का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है, जहां बड़ी संख्या में भारतीय निर्माण, खुदरा सुरक्षा, यातायात और अर्द्ध-कौशल के कामों में लगे हैं। ये लोग अपनी कमाई का अच्छा-खासा हिस्सा देश वापस भेजते हैं, जिससे उनके परिवार को मदद मिलती है। उन्हें छह प्रतिशत तक लेन-देन शुल्क देना पड़ता है तथा उन पर मुद्रा विनिमय दर का जोखिम भी रहता है।

भारत से बाहर जाने वाले विप्रेषण में भी वृद्धि हो रही है। भारतीय रिजर्व बैंक के हालिया आंकड़ों के अनुसार यह रकम 2023-24 में 32 अरब डॉलर से अधिक हो सकती है, जो पिछले साल से 25 प्रतिशत अधिक है। भारत आने वाली राशि कामगारों द्वारा भेजी जाती है, पर भारत से बाहर जाने वाले धन के प्रेषक अमूमन धनी लोग हैं, जो अपने बच्चों की पढ़ाई परिजनों के रहन-सहन के खर्च या संपत्ति खरीदने के लिए पैसे भेजते हैं। इस तरह दो तरह के प्रेषकों के स्वरूप में बड़ा अंतर है। बहुमूल्य विदेशी मुद्रा बचाने के नाम पर भारत से बाहर जा रहे धन पर रोक लगाना सही नहीं होगा बल्कि हमें इसकी बुनियादी वजहों की पड़ताल करनी चाहिए।

भारत आने वाले धन के भी चिंताजनक पहलू हैं। एक ओर इससे भारत में धन भेजने वालों की निष्ठा और कर्मठता इंगित होती है। इससे व्यापार घाटे और विदेशी मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव का सामना करने में मदद मिलती है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारत अपने श्रम अधिशेष का निर्यात कर रहा है। इसमें चिंता की बात यह है कि यह श्रम तुलनात्मक रूप से कम उत्पादक है।

क्या उन कामगारों को भारत में रोजगार नहीं मिल सकता था? क्या इससे निर्भरता वृद्धि हो रही है? कभी केरल की कुल आय का 25 प्रतिशत हिस्सा विप्रेषण से आता था, जो अब 20 प्रतिशत से कम हो गया है। इससे केरल प्रति व्यक्ति उपभोग के मामले में धनी राज्यों की श्रेणी में आ गया पर वहां श्रमिकों की कमी की समस्या बहुत गंभीर हो गयी, जिसकी भरपाई के लिए बिहार, झारखंड और ओडिशा जैसे राज्यों से श्रमिकों को लाना पड़ रहा है। बाहर से आ रहे धन ने केरल में परिसंपत्तियों के दाम में भी बड़ी वृद्धि कर दी है। इस प्रकार, राज्य या देश के स्तर पर विप्रेषण का मिश्रित प्रभाव होता है। अगर यह धन उत्पादक निवेश, मैन्युफैक्चरिंग और उच्च तकनीक के उद्योगों में जाने के बजाय केवल रियल एस्टेट में जायेगा, तो आगे चल कर इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसका एक लैंगिक पहलू भी है। दो-तिहाई से अधिक भारतीय आर्थिक प्रवासी पुरुष हैं। तो, महिलाएं सामाजिक व्यवस्था के अनुसार बच्चों एवं बुजुर्गों की देखभाल के लिए यहीं रह जाती हैं।

यह स्थिति श्रीलंका और फिलीपींस के प्रवासियों के साथ नहीं है। भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जहां उच्च स्तरीय रोजगार की कमी है और प्रति व्यक्ति आय भी कम है। ऐसे में आर्थिक प्रवासन में इसका अग्रणी होना स्वाभाविक स्थिति है। घरेलू स्तर पर भी देश की आबादी का एक-तिहाई हिस्सा आंतरिक प्रवासी है जो रोजगार और जीवनयापन की तलाश में एक जगह से दूसरी जगह पलायन करता है। अधिकांश आंतरिक प्रवासन मौसमी और चक्रीय होता है तथा अक्सर ऐसा राज्य के भीतर होता है। भारतीयों का अंतरराष्ट्रीय पलायन बिल्कुल अलग मामला है। वहां जोखिम, शोषण, भेदभाव आदि के खतरे होते हैं, विशेषकर तब जब अधिकतर प्रवासी कामगार हैं। इस संबंध में हमारे दूतावास और उच्चायोगों के सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# कुछ-अलग

## पिछले साल रैनसमवेयर हमलों से प्रभावित हुई 64 प्रतिशत भारतीय कंपनियां

रितेश तिवारी



**साइबर सिक्योरिटी भारत के साथ-साथ दुनिया भर के लिए गहन समस्या है। ऐसे में सरकार निरतंर काम करती रहती है। फिलहाल कुछ सालों से ये हमले लगातार कम हो रहे हैं। सोफोस की एक नवीनतम रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि सर्वेक्षण में शामिल लगभग 64 प्रतिशत भारतीय संगठन 2023 में रैनसमवेयर हमलों से प्रभावित हुए थे, जिसमें कहा गया है कि हमले की दर में साल-दर-साल गिरावट आई है। हालांकि, पीड़ितों पर इसका प्रभाव वास्तव में तीव्र है।**

फिरौती की औसत मांग 4.8 मिलियन अमेरिका डॉलर थी, जिसमें 62 प्रतिशत मांगे 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर से ज्यादा थीं। वैश्विक साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता की रिपोर्ट में कहा गया है कि औसत फिरौती 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर थी। सीधे शब्दों में कहें तो, रैनसमवेयर दूर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर या मेलवेयर को संदर्भित करता है, जो कंप्यूटर, नेटवर्क शेयर, बैकअप और सर्वर पर फाइलों को जब्त करता है और उन्हें एन्क्रिप्ट करता है, जिसके बाद हमलावर उपयोगकर्ता को फाइलों को अनलॉक करने के लिए पैसे खर्च करने के लिए कहता है। आमतौर पर, रैनसमवेयर हमले एक समयरेखा के साथ आते हैं, जिसमें उपयोगकर्ताओं को धमकी दी जाती है कि यदि रैनसमवेयर की मांगें पूरी नहीं की गई, तो उपयोगकर्ता फाइलें खो देंगे। सोफोस की भारत में रैनसमवेयर की स्थिति 2024 रिपोर्ट के अनुसार भारतीय संगठनों के खिलाफ रैनसमवेयर हमलों की दर में पिछले अध्ययन में रिपोर्ट किए गए 73 प्रतिशत से घटकर 2023 में 64 प्रतिशत हो गई है।

हालांकि, विशेष रूप से पिछले कुछ सालों की तुलना में ज्यादा फिरौती की मांग और वसूली लागत के साथ, पीड़ितों पर प्रभाव तेज हो गया है। ये निष्कर्ष भारत के 500 उत्तरदातोओं सहित 14 देशों के 5 हजार आईटी निर्णय निर्माताओं के एक स्वतंत्र सर्वेक्षण से प्राप्त हुए हैं। जनवरी और फरवरी 2024 में आयोजित, उत्तरदाताओं को पिछले 12 महीनों में उनके अनुभवों के आधार पर जवाब देने के लिए कहा गया था। पहली बार भारतीय संगठनों में बैकअप का इस्तेमाल करने की तुलना में फिरौती का भुगतान करके डेटा पुर्नप्राप्त करने की ज्यादा संभावना पाई गई।

वहीं रिपोर्ट से पता चला कि भारतीय पीड़ितों के खिलाफ हमलों में प्रभावित कंप्यूटरों में से औसतन 44 प्रतिशत एन्क्रिप्टेड थे। सोफोस ने एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 34 फीसदी हमलों में एन्क्रिप्शन के अलावा डेटा चोरी भी शामिल है, जो पिछले साल के 38 फीसदी से थोड़ा कम है। फिरौती के भुगतान को छोड़कर, एक हमले से उबरने की औसत लागत 1.35 मिलियन अमेरिका डॉलर थी। रिपोर्ट के अनुसार, 61 प्रतिशत पीड़ति एक सप्ताह के भीतर डेटा पुनर्प्राप्त करने में सक्षम थे, जो 2022 में 59 प्रतिशत से ज्यादा है। 96 प्रतिशत ने अधिकारियों को हमले की सूचना दी, जबकि 70 प्रतिशत ने जांच सहायता प्राप्त की। सोफोस के उपाध्यक्ष, बिक्री, भारत और सार्क, सुनील शर्मा ने कहा रोकथाम सबसे ज्यादा लागत प्रभावी रैनसमवेयर रणनीति बनी हुई है।

# तेजस्वी बोले- नौजवानों का शादी ही नहीं होने दे रहे पीएम मोदी

एजेंसी

**पटना, 15 मई (नवसत्ता)।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि पीएम की गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ युवा अधिक उम्र के हो गए और बेरोजगार हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वयं यह नीति बनाई है कि 75 वर्ष की आयु होने पर मार्गदर्शक मंडली में जायेंगे, मुझे आशा है कि वह इसका पालन करेंगे। अगर अग्निवीर 22 साल की उम्र में रिटायर हो रहे हैं तो मुझे उम्मीद है कि पीएम अपनी नीति पर चलेंगे।



तेजस्वी ने दावा कि एनडीए (बिहार में) खत्म हो गया है। मैंने आपको पहले ही बताया था - सुन भाई सुन देश की धुन, इंडिया गठबंधन आ रहा 4 जून। उन्होंने दावा किया कि जब तक उपमुख्यमंत्री था, लाखों अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 5 लाख नियुक्तियां हुई, किसी में भी पेपर लीक नहीं हुआ। जैसे ही नीतीश जी भाजपा के साथ गए पेपर लीक हो गया। पेपर लीक करने वाले भी एनडीए के ही नेता निकले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नौजवानों का शादी ही नहीं होने दे रहे है, नौकरी मिलता तो शादी करता न! हमने 5 लाख नौकरी देकर कई नौजवानों का घर बसवाया, मंगलसूत्र पहनवाया। हम कलम बांटते है, आप तलवार बांटते है। जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ लड़ाई में ''चाचा'' और उसकेसहयोगी जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार से ''पूर्ण समर्थन'' मिल रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि तेजस्वी ने बिहार के मधुबनी जिले में एक रैली के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के बीच दरार पैदा करने के स्पष्ट प्रयास के तौर पर यह टिप्पणी की। राजद नेता जिन्होंने कुमार के इंडिया गठबंधन से अचानक बाहर निकलने के परिणामस्वरूप बिहार के उपमुख्यमंत्री के रूप में अपना पद खो दिया था। तेजस्वी ने कहा, ''चाचा को भाजपा ने अपहरण कर लिया होगा।

## नीतीश कुमार जैसा मुख्यमंत्री बिहार में पैदा नहीं हुआ: अनंत सिंह

एजेंसी

**पटना, 15 मई (नवसत्ता)।** पूर्व विधायक बाहुबली अनंत सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तारीफ में कसीदें गढ़े हैं। पैरोल पर 15 दिन के लिए बाहर आए अनंत सिंह ने स्पष्ट कहा कि नीतीश कुमार की तरह न कोई मुख्यमंत्री बिहार में पैदा हुआ और न ही पैदा होगा। बिहार में उनके जैसा मुख्यमंत्री कभी नहीं होगा। अनंत सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के पास कोई पारिवारिक जिम्मेदार नहीं थी। उनके भाई आज भी दवा बेचते हैं। बेटा भी राजनीति से दूर है। सीएम के परिवार के बारें में सबको पता है।

अनंत सिंह ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार दिन-रात काम में ही लगे रहते थे। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आपने लालू यादव का शासन नहीं देखा है। उस वक्त अपहरण उद्योग चलता था। दिल्ली में नौकरी करने वालों के परिजनों को उठा लिया जाता



था। लोग घर से बाहर नहीं निकल पाते थे। अनंत सिंह ने कहा कि मैं किसी की पार्टी में नहीं हूं लेकिन फिर भी कहता हूं कि नीतीश कुमार की तरह न कोई नेता बिहार में पैदा हुआ है और न ही होगा।

छह मई को सीएम नीतीश कुमार मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के पंडारक में ललन सिंह के चुनावी प्रचार में पहुंचे थे। मंच पर मंच पर अनंत की पत्नी और मोकामा की विधायक नीलम देवी भी मौजूद थीं। नीतीश कुमार अपने भाषण के दौरान कहा कि बीच में थोड़ा-बहुत इधर-उधर हो गये थे लेकिन अब देखिए वह भी साथ आ गई हैं।

# मुंबई में अब ड्रोन, पैराग्लाइडर और गुब्बारों का नहीं होगा इस्तेमाल

एजेंसी

**मुंबई, 15 मई (नवसत्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई की यात्रा पर जाने वाले है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस यात्रा को लेकर मुंबई पुलिस ने भी पूरी तैयारी कर ली है। मुंबई पुलिस ने शहर में ड्रोन, पैराग्लाइडर, गुब्बारे, पतंग और रिमोट से चलने वाले विमानों के उड़ने पर रोक लगाई है।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को पूर्वी मुंबई के घाटकोपर में एक चुनावी रोड शो करने वाले हैं। इसके बाद अगले दिन यानी शुक्रवार को वह मुंबई में एक सार्वजनिक बैठक को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस उपयुक्त (संचालन) ने सीआरपीसी (दंड प्रक्रिया संहिता) की धारा 144 के तहत 15 मई (बुधवार) और 17 मई



(शुक्रवार) को 00:01 बजे से 24:00 बजे तक उड़ने वाली वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाने के निषेधात्मक आदेश जारी किए हैं।

दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी मुंबई यात्रा को लेकर यह आशंका व्यक्त की गई है कि इस दौरान आतंकवादी या असामाजिक तत्व ड्रोन, पैराग्लाइडर, रिमोट संचालित विमान का उपयोग कर हमला करने की साजिश रच सकते हैं। इसे शांति भंग होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुंबई यात्रा के दौरान मानव जीवन, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचने की काफी अधिक संभावना लग रही है।

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंबई दौरे के दौरान कई नेता और वीआईपी अधिकारी शामिल होंगे। अधिकारी ने कहा, चूंकि आतंकवादियों और असामाजिक तत्वों को लेकर कुछ जांच और तत्काल कार्रवाई करना आवश्यक है, ड्रोन, पैराग्लाइडर, सभी प्रकार के गुब्बारे, पतंग, रिमोट-नियंत्रित माइक्रोलाइट विमानों की उड़ान पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए गए हैं।

आदेशों के अनुसार ये प्रतिबंध मुंबई में विक्रोली, कांजुरमार्ग पार्कसाइट, घाटकोपर, पंत नगर तिलक नगर, चेंबूर, चूनाभट्टी, बीकेसी, खेरवाड़ी, वकोला, विले पार्ले, सहार, हवाई अड्डा, बांद्रा, वर्ली माहिम, दादर और शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में लागू होंगे।

## फारूक अब्दुल्ला बोले- सत्ता में बने रहने के लिए देश को बांट रहे मोदी

एजेंसी

**जम्मू, 15 मई (नवसत्ता)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सत्ता में बने रहने के लिए देश को बांटने रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को याद रखना चाहिए कि वह भविष्य में सत्ता में नहीं रहेंगे, लेकिन देश जीवित रहेगा।

दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग के शांगस इलाके में बुधवार को एक सार्वजनिक रैली के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अब्दुल्ला ने कहा, हमें एक साथ रहना होगा। हमें देश को बचाना है। हमें बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करना होगा। वह (मोदी) अपनी कुर्सी के लिए देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा, कुर्सी हमेशा नहीं रहती, राष्ट्र ही रहता है। वह जैसा राज बनाने की कोशिश कर रहे हैं वह विनाशकारी साबित होगा। अपने ऊपर लगे आरोपों के बारे में पूछे जाने पर कि वह धार्मिक कार्ड खेल रहे हैं, नेकां



अध्यक्ष ने कहा, मैं धार्मिक कार्ड नहीं खेल रहा हूं। हमारा धर्म हमें अच्छी चीजें सिखाता है। कोई भी धर्म बुरा नहीं है। यह लोग बुरे हैं, जो इसका गलत इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, क्या राम सिर्फ हिंदुओं के लिए हैं? राम केवल हिंदुओं के नहीं थे, राम विश्व के राम थे। वह सभी के हैं। पीएम मोदी क्या कर रहे हैं? वह क्या दिखाना चाह रहे हैं? क्या वह वह अशांति, वह घृणा नहीं पैदा कर रहे हैं? दिल्ली में आयकर कार्यालय में आग लगने की घटना पर नेकां नेता ने कहा कि भाजपा सच्चाई छिपाना चाहती है क्योंकि वे जानते हैं कि वे चुनाव हार रहे हैं। हां, यह (आग लगा दी गई है) किया गया है।

# अंग्रेज चले गए, पर कांग्रेस को छोड़ गए : यादव

एजेंसी

**रेवाड़ी (हरियाणा), 15 मई (नवसत्ता)।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि लॉर्ड मैकाले ने शिक्षा नीति में से भगवान राम और कृष्ण के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया, इसके बाद अंग्रेज चले गए लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए और वो कांग्रेस आज भी उल्टे रास्ते पर चल रही है। डॉ यादव रेवाड़ी के बेरली के कोसली में आयोजित रैली में संबोधन दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हरियाणा अर्थात हरि का निवास। यहां भगवान श्री कृष्ण की धरती पर अपने-अपने ढंग से सब जीवन यापन कर रहे हैं। यहां के हर घर से कोई ना कोई रणबांकुरा अपनी सीमा पर ड्यूटी कर रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन में कष्ट ही कष्ट रहे हैं, लेकिन हर कष्ट के बाद भी कन्हैया, कन्हैया ही नहीं है कालिया नाग को मार कर उसके फन पर नृत्य




करने की हिम्मत केवल गोपाल कृष्ण में है। जो गाय चरा कर आनंद लेते हैं और अपनी माता बहनों के कष्ट को भी दूर करने में आगे रहते हैं। कंस जैसे महापराक्रमी को उसके घर में मारते हैं। भगवान श्री कृष्ण कंस को मारने के बाद कुर्सी को लात मार के उज्जैन शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ गए। भगवान श्री कृष्ण ने 64 कला, 14 विद्या, 4 वेद, 18 पुराण की शिक्षा ग्रहण की। ऐसा शिक्षार्थी तो कहीं मिलेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की धरती पर जब महाभारत का महायुद्ध हुआ। उस युद्ध की धमक से दुनिया दहल उठी थी, लेकिन ऐसे कठिन समय में भी, जो शिक्षा ग्रहण की थी, उस समय में उनके मुख से 18 अध्याय की पवित्र गीता निकली। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि 1835 में लॉर्ड मैकाले ने जब शिक्षा नीति लागू की तब उस शिक्षा नीति में से दुर्भाग्य से भगवान श्री कृष्ण और भगवान श्री राम के सारे अध्यायों को निकालकर शिक्षा नीति को देव विहीन कर दिया। अंग्रेज चले गए, लेकिन कांग्रेस को छोड़ गए। ये भी आज उस उल्टे रास्ते पर चलते हैं। कांग्रेस ने सोमनाथ के मंदिर का विरोध किया, जिसका इतिहास गवाह है। 17 लाख साल पहले भगवान राम हुए और 5000 साल पहले भगवान श्री कृष्ण हुए। एक ने मर्यादा के साथ जीवन जीना सिखाया और दूसरे ने मर्यादा को तोड़ने वालों को लाइन पर लाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब अमेरिका के राष्ट्रपति आते थे तो भेंट के रूप में ताजमहल देते थे, पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पवित्र गीता का ज्ञान उन्हें भेंट करते हैं। जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। सबका साथ सबका विकास, यह बोलने के लिए नहीं करके दिखाने के लिए है। उन्होंने कहा कि महाकाल के महालोक में आनंद आ गया, भगवान राम में आनंद आ गया तो जमुना जी वाले कृष्ण कन्हैया ने क्या बिगाड़ा है।

## वन कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर क्यों हैं?

एजेंसी

**देहरादून, 15 मई (नवसत्ता)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्य में जंगल की आग को लेकर उत्तराखंड सरकार को आड़े हाथ लेते हुए पूछा कि वन अग्निशमन कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर क्यों तैनात किया गया था। अदालत को इसकी जानकारी दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत ने उत्तराखंड सरकार के वकील से पूछा कि आपने जंगल के अग्निशमन कर्मचारियों को आग के बीच चुनाव ड्यूटी पर क्यों लगाया है? पीठ को जवाब देते हुए, राज्य के एक अधिकारी ने कहा कि चुनाव ड्यूटी खत्म हो गई है और मुख्य सचिव ने उन्हें किसी भी अधिकारी को चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगाने का निर्देश दिया है। पीठ ने कहा कि यह खेदजनक स्थिति है। आप केवल बहाने बना रहे हैं। जैसे ही अदालत ने उत्तराखंड में जंगल की आग पर याचिकाओं पर सुनवाई जारी रखी, वकील परमेश्वर ने आज कहा कि वहां भीषण आग है



और 40 फीसदी जंगल आग की चपेट में है। इसे बुझाया नहीं जा सका है। वकील को जवाब देते हुए उत्तराखंड के वकील ने कहा कि कोई नई आग नहीं लगी है। वकील ने आगे तर्क दिया कि राज्य सरकार को जंगल की आग से निपटने के लिए केंद्र से धन नहीं मिला है। केंद्र और राज्य की छह सदस्यीय समिति मदद कर सकती है ताकि इन आग पर काबू पाया जा सके। हम आग बुझाने की स्थिति में हैं। 9,000 से अधिक लोग काम कर रहे हैं, और 420 मामले दर्ज किए गए हैं। हम बैठक कर रहे हैं। मुख्यमंत्री (पुष्कर सिंह धामी) हर दूसरे दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।



# पदक के लिए प्रतिबंधित शक्तिवर्धक ड्रग्स का प्रयोग किया

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** पदक और नौकरी के लिए खेलों में प्रतिबंधित शक्तिवर्धक ड्रग्स का चलन कम होने का नाम नहीं ले रहा है। इस वर्ष जनवरी में ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में हुई राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में एक या दो नहीं 10 वेटलिफ्टर डोप पॉजिटिव पाए गए हैं। ये सभी पदक विजेता हैं। इनमें सात पुरुष और तीन महिलाएं हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से कुछ लिफ्टरों के सैंपल में तीन से चार तरह के प्रतिबंधित ड्रग्स का कॉकटेल मिला है। इनमें स्टेरायड, सार्म, स्टीमुलेंट सभी कुछ है। नाडा ने इन लिफ्टरों को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया है।

हरियाणा के सोमनाथ और अनुष ने ईटानगर में 109 और 67 किलो




में कांस्य पदक जीता। दोनों की उम्र 18 से 20 के बीच है, लेकिन इनका केस खेलों में घुसी डोपिंग की जड़ों और इसकी गंभीरता को बयां करता है। सोमनाथ के सैंपल में एनाबॉलिक स्टेरायड मिटेंडियोनॉन, ड्रॉस्टेनोलॉन लिगेंड्रॉल (सार्म) और स्टीमुलेंट मिफेनटरमाइन पाया गया है। हाल-फिल्हाल में एक सैंपल में इतने प्रतिबंधित ड्रग्स मिलते नहीं देखे गए हैं। वहीं अनुष के सैंपल में ट्रेंबोलॉन, ओस्टारिन (सार्म), मिफेनटरमाइन मिले हैं। अन्य पॉजिटिव खिलाडियों में देवीश्री (आंध्र प्रदेश), सागर (बिहार), मृणमय गोगोई (असम) गौरव (पुलिस बोर्ड), राखी पुरोहित (राजस्थान), शीतल भाटी (हरियाणा), सुमित राजपूत (मध्य प्रदेश), सचिन पंवार (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं।

भारतीय भारोत्तोलन महासंघ ने भी राष्ट्रीय शिविर के बाहर बढ़ते डोप के मामलों पर संज्ञान लेते हुए 10 प्रशिक्षकों पर तीन साल का प्रतिबंध लगा दिया है। ये उन 10 लिफ्टरों के प्रशिक्षक हैं, जो 2023 की नागरकोइल राष्ट्रीय वेटलिफ्टिंग में डोप में फंसे थे। इनमें हरियाणा, यूपी के दो-दो और एक कोच सर्विसेज का भी है। इन पर 2026 तक का प्रतिबंध लगा है। ये महासंघ की प्रशिक्षण की किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं रह सकते हैं।

## बाबर आजम का दोस्त करेगा आईपीएल में डेब्यू

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** राजस्थान रॉयल्स आईपीएल 2024 के प्लेऑफ में क्वालिफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई है। अब राजस्थान चाहेगी कि बचे हुए 2 लीग मैचों को जीतकर वह अंक तालिका में पहले स्थान पर खत्म करे। लेकिन प्लेऑफ से पहले संजू सैमसन की टीम के सामने एक बड़ी चुनौती आ गई है। टीम के धाकड़ ओपनर जॉस बटलर टीम का दामन बीच में ही छोड़कर अपने देश इंग्लैंड लौट गए हैं। ऐसे में राजस्थान को उनके रिप्लेसमेंट की जरुरत पड़ गई है। हालांकि कोच कुमार संगाकारा ने कप्तान संजू सैमसन संग मिलकर उनके रिप्लेसमेंट को ढूंढ़ निकाला है। बटलर की जगह अब उन्हीं के देश के खिलाड़ी टीम का भार संभालेंगे, जो इसी साल अपना आईपीएल डेब्यू कर रहे हैं। राजस्थान ने 12 में से 8 मैच जीतकर प्लेऑफ




में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन अब उसकी लड़ाई नंबर वन पर बने रहने के साथ ट्रॉफी जीतने की है। बटलर के जाने बाद टीम में इंग्लैंड के खिलाड़ी टॉम कोहलर कैडमोर को जगह दिया गया है। कैडमोर के लिए ये पहला आईपीएल सीजन है और वो 15 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू कर सकते हैं। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें आईपीएल 2024 के ऑक्शन में 40 लाख के बेस प्राइस पर खरीदा था, वहीं आईपीएल में बटलर की सैलरी 10 करोड़ है। हालांकि उन्होंने अभी तक इंग्लैंड के लिए किसी भी फॉर्मेट में डेब्यू नहीं किया है, लेकिन वो कई टी20 लीग में खेल चुके हैं।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को छह विकेट से हराया

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मैच में आयरलैंड को 6 विकेट से हराकर टी-20 सीरीज 2-1 से जीत लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। वहीं 179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने 4 विकेट के नुकसान पर 181 रन बना कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। वहीं पहला टी-20 मैच आयरलैंड ने जीता था।

पाकिस्तान ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसे पहला झटका 15 रन के स्कोर पर लगा। उसके ओपनर रॉस अडायर शाहीन अफरीदी की गेंद पर



बोल्ड हो गए। उसके बाद एंड्रयू बालबर्नी और कप्तान लोर्कन टकर ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 49 गेंदों पर 85 रन की पार्टनरशिप हुई। बालबर्नी 26 गेंदों पर 35 रन बना कर आउट हो गए। वहीं टकर ने उसके बाद हैरी टेक्टर के साथ 17 गेंदों पर 32 रन की साझेदारी हुई। टकर ने 41 गेंदों पर 73 रन बनाए। जबकि टेक्टर 20 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लिए। अब्बास अफरीदी ने 4 ओवर में 43 रन देकर 2 विकेट लिए। वहीं मोहम्मद अमिर और सईम अयूब को 1-1 विकेट मिले। 179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। 16 रन पर उसको पहला झटका लगा। सईम अयूब 11 गेंदों पर 14 रन बना कर पवेलियन लौट गए। हालांकि, उसके बाद कप्तान बाबर आजम ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पारी को संभाला।

दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 74 गेंदों पर 139 रन की साझेदारी हुई। रिजवान ने 38 गेंदों पर 56 रन और बाबर आजम 42 गेंदों पर 75 रन बनाए। उसके बाद आजम खान ने 6 गेंदों पर नाबाद 18 रन बना कर पाकिस्तान को जीत दिलाई।

# टी-20 वर्ल्डकप का सेमीफाइनल गयाना में खेल सकता है भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** भारतीय टीम आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में पहुंची तो गयाना में ही 27 जून को होने वाला दूसरा सेमीफाइनल खेलेगी। मैच के समय के कारण आईसीसी ने भारत को गयाना में होने वाले सेमीफाइनल का स्लॉट दिया गया है।



त्रिनिदाद में पहला सेमीफाइनल स्थानीय समय के मुताबिक 26 जून को रात 8:30 बजे खेला जाएगा,जो भारत में 27 जून को सुबह 6 बजे होगा। वहीं, गयाना में दूसरा सेमीफाइनल सुबह 10:30 बजे शुरू होगा जो भारत में रात 8 बजे होगा। हीं, फाइनल ब्रिजटाउन, बारबाडोस में 29 जून को स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजे से खेला जाएगा, जो भारत में शाम 7:30 बजे होगा। दूसरे सेमीफाइनल के लिए कोई रिजर्व डे नहीं होगा। इसके बजाय, मैच के लिए 250 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम दिया जाएगा। जबकि, पहले सेमीफाइनल और फाइनल के लिए 190 मिनट के एक्स्ट्रा टाइम के साथ ही रिजर्व डे भी होगा।

सेमीफाइनल-2 में एक्स्ट्रा टाइम इसलिए जोड़ा गया है क्योंकि टूर्नामेंट शेड्यूल में किसी रिजर्व डे के लिए स्लॉट नहीं है, दूसरे सेमीफाइनल और फाइनल के बीच केवल एक दिन का अंतर है। मैच में सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में विजेता घोषित करने के लिए हर चेज करने वाली टीम को कम से कम 10 ओवर खेलने की जरूरत होगी। इस बार टी-20 वर्ल्ड कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच कनाडा और होम टीम अमेरिका के बीच डलास में होगा। फाइनल मैच 29 जून को वेस्टइंडीज के बारबाडोस शहर में होगा। सुपर-8 और नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होंगे। सुपर-8 की टॉप-4 टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के मुकाबले 2 से 17 जून तक होंगे। 19 से 24 जून तक सुपर-8 स्टेज के मुकाबले होंगे। फिर 26 जून से नॉकआउट स्टेज शुरू होगा। टीम इंडिया पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 9 जून को पाकिस्तान, 12 जून को तीसरा मुकाबला अमेरिका और 15 जून को चौथा मुकाबला कनाडा से होगा।

### चेन्नई में सीआईएसएफ के दफ्तर पहुंचे एमएस धोनी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** एमएस धोनी को दो चीजों से लगाव है। क्रिकेट की जर्सी और सेना की वर्दी। ये लगभग सभी जानते हैं। ऐसे में आईपीएल2024 से थोड़ा सा ब्रेक मिलते ही धोनी, चेन्नई में सीआईएसएफ के दफ्तर पहुंच गए। उन्होंने वहां जवानों से मुलाकात की। उनसे बात की और काफी कुछ जाना और समझा। सीआईएसएफ के जवानों के साथ धोनी के मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया के जरिए सामने आई हैं। एमएस धोनी खुद भी सेना के टेरिटोरियल आर्मी में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। वो लगातार सेना की बात करते हैं। कई मौका पर इंडियन आर्मी के साथ ड्रिल और ट्रेनिंग भी कर चुके हैं। ऐसे में पद्मभूषण से भी सम्मानित एमएस धोनी ने चेन्नई स्थित सीआईएसएफ के दफ्तर में जवानों से बात की, वो उन्हें काफी ध्यान से सुनते दिखाई दिए।

वैसे सीआईएसएफ के जवानों के साथ एमएस धोनी के बिताए पलों का ये कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले पिछले साल अगस्त में उन्होंने रांची एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के एक ऑफिसर सतीश पांडे से मुलाकात की थी।

# टी-20 वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश टीम का ऐलान

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** बांग्लादेश ने अगले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए 15 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। बांग्लादेश बोर्ड ने यह ऐलान किया। नजमुल हुसैन शांतो वर्ल्ड कप में टीम की कप्तानी करेंगे। शांतो को इस साल की शुरुआत में सभी फॉर्मेट में बांग्लादेश का कप्तान बनाया गया था। टीम में अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को भी शामिल किया गया हैं। शाकिब ने 2007 ओपनिंग एडिशन से हर टी-20 वर्ल्ड कप में खेला है। अफीफ हुसैन और हसन महमूद रिजर्व के रूप में टूर्नामेंट में जाएंगे। शाकिब लगभग एक साल के बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज से टी-20




इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी किए हैं। शाकिब को जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की सीरीज के आखिरी दो मैचों में बांग्लादेश टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने चौथे मैच में चार विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। बांग्लादेश ने हाल ही जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। नजमुल हुसैन शांतो (कप्तान), तस्कीन अहमद (उपकप्तान), लिटन दास, सौम्या सरकार, तंजीद हसन शाकिब अल हसन, तौहीद ह्रदोय महमुदुल्लाह, जेकर अली, तनवीर इस्लाम, महेदी हसन, रिशाद हुसैन मुस्तफिजुर रहमान, शोरफुल इस्लाम तंजीम हसन।

बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका, श्रीलंका, नीदरलैंड और नेपाल के साथ के ग्रुप डी में रखा गया है। टीम का पहला मैच 7 जून को डलास में श्रीलंका के खिलाफ होगा। इंडियन प्रीमियर लीग में ग्रुप स्टेज के 63 मैच खेले जा चुके हैं। सोमवार को गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा। मैच में टॉस भी नहीं हुआ। इस नतीजे से टाइटंस प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली तीसरी टीम बन गई।



# पीओके भारत का हिस्सा और इस पर हमारा अधिकार है: अमित शाह

एजेंसी



**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक न्यूज एजेंसी को दिए साक्षात्कार में फिर दोहराया कि पीओके भारत का हिस्सा है और इस पर हमारा अधिकार है। गृह मंत्री ने कहा कि पाक भारत का हिस्सा है और इसपर हमारा अधिकार है, इसको कोई झुठला नहीं सकता। फारूक अब्दुल्ला और कांग्रेस के नेता आज कह रहे हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। पाक की मांग न करिए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि 130 करोड़ की आबादी वाला देश क्या किसी से डरकर अपने अधिकार जाने देगा। राहुल गांधी को बताना चाहिए कि पाकिस्तान के सम्मान की बात करके उनकी पार्टी के लोग क्या कहना चाहते हैं?

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश की जनता के सामने स्पष्ट किया है कि 10 साल से बहुमत था। कभी नहीं किया था। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए। संविधान इससे सहमत नहीं है। उन्होंने कहा किकेंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, हम पश्चिम बंगाल में 24-30 सीटें जीत रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल को अंतरिम ज़मानत दिए जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, मेरा मानना है कि यह कोई नियमित निर्णय नहीं है। इस देश में बहुत से लोग मानते हैं कि स्पेशल ट्रीटमेंट दिया गया है।

गृह मंत्री अमित शाह से जब अरविंद केजरीवाल की रिहाई और इंड़िया गठबंधन के लिए प्रचार के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, अभी वे (अरविंद केजरीवाल) दूसरे मामले (स्वाति मालीवाल पर हमला) में फंसे हैं, उन्हें इससे मुक्त होने दीजिए फिर देखते हैं क्या होता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वायनाड (केरल) और रायबरेली (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा चुनाव लड़ने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कोई भी कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है, लेकिन राहुल गांधी को चुनाव से पहले कहना चाहिए था कि वे 2 सीटों पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से इसे छिपाना सही नहीं है। उन्हें वायनाड के लोगों को इसके बारे में बताना चाहिए था।जब आप चुनाव के बाद के सर्वेक्षण में खतरा देखते हैं और फिर आप रायबरली आते हैं, मुझे लगता है यह सही नहीं है।

अमित शाह ने कहा, मैं 9 साल का था जब आपातकाल के खिलाफ नारे लगाते थे। हम सब सामान्य परिवार में जन्म लिए हैं। हमें जनता ने बड़ा किया है। दिनेश प्रताप सिंह राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव जीत कर आएंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर और कृष्ण जन्मभूमि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ये दोनों मामले अदालत के समक्ष हैं। कोर्ट ने भी इसका संज्ञान लिया है। इस पर मेरा कुछ भी कहना उचित नहीं होगा। कोर्ट के फैसले के बाद ही हमने राम मंदिर बनाने का फैसला किया।

अमित शाह ने कहा, हमारे 400 पार के नारे को विपक्ष ने कम दूर की दृष्टि से देखकर इसका राजनीतिकरण करने की कोशिश की है। मैं निश्चित रूप से मानता हूं कि स्थिर सरकारें देश को ताकत देती हैं, स्थिर सरकारें निर्णायक कदम उठाने में सहायक होती हैं, स्थिर सरकारें गरीबों का कल्याण करने में सहायक होती हैं, स्थिर सरकारें आतंकवाद और नक्सलवाद जैसे खतरों को कुचल देने में सहायक होती हैं और स्थिर सरकारें देश के एजेंडे और स्थिति को दुनिया में बदलने में भी सहायक होती हैं।

# जेपी नड्डा बोले- कांग्रेस जितना बेईमान और गुमराह करने वाला कोई नहीं

संवाददाता



**पटना, 15 मई (नवसत्ता)।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बिहार के मोतिहारी में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान नड्डा ने कहा कि 2024 का ये चुनाव देश का चुनाव है, देश की सबसे बड़ी पंचायत का चुनाव है, देश को नई दिशा देने वाला चुनाव है। उन्होंने कहा कि आज से 10 साल पहले, हमारे देश का साधारण मानवी मान चुका था कि इस देश में कुछ बदलने वाला नहीं है, सब ऐसे ही चलेगा, सभी राजनेता बदनाम हैं, राजनीति परिवर्तन का माध्यम नहीं होगी। लोगों को सत्ता और राजनीति पर अविश्वास हो गया था।

नड्डा ने कहा कि भारत की छवि एक पिछलग्गू, भ्रष्टाचारी, अविकसित देश की बन चुकी थी। लेकिन 10 वर्ष के अंदर मोदी के नेतृत्व ने देश में ये विश्वास पैदा किया, देश में आत्मविश्वास जागृत किया। आज साधारण आदमी विकसित भारत के संकल्प को लेकर चल रहा है। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले जाति और धर्म की राजनीति होती थी। जाति को जाति से लड़ाओ, धर्म को धर्म से लड़ाओ, तुष्टिकरण करो। वोट बैंक की राजनीति करके अपने आप को सत्ता पर बैठाओ, उसके बाद अपनी जाति और परिवार की चिंता करो। ये राजनीति का तरीका बन चुका था। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि 10 साल के अंदर मोदी जी ने तुष्टिकरण को धता दिखाई, जातिवाद को समाप्त किया सभी धर्मों को एक बराबर देखा। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास, सबका प्रयास को अपना मूल मंत्र बनाया और इन 10 वर्षों में भारत को अग्रणी राज्य में खड़ा कर दिया।

उन्होंने कहा कि 2014 से पहले एक पंचायत में आवास योजना के तहत सिर्फ 2 आते थे, जबकि मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस 4 करोड़ घरों का निर्माण हुआ है। एक पंचायत में करीब 40 घर बने हैं। पांच साल बाद आपके यहां सिलेंडर नहीं आएगा, घर-घर पाइप से सस्ती गैस आएगी। ये मोदी जी ने तय किया है।

# महबूबा मुफ्ती के प्रचार के लिए पुंछ पहुंचीं बेटी इल्तिजा

एजेंसी



**जम्मू, 15 मई (नवसत्ता)।** अपनी मां महबूबा मुफ्ती के प्रचार के लिए बुधवार को इल्तिजा मुफ्ती पुंछ पहुंचीं। महबूबा मुफ्ती अनंतनाग-राजोरी से सीट से चुनावी मैदान में हैं। इस सीट पर अब चुनाव 25 मई को होने हैं। इल्तिजा मुफ्ती पुंछ डाक बंगले से रोड शो करते हुए मंडी की तरफ रवाना हुईं। मंडी में दिनभर कई कार्यक्रमों और रोड शो करेंगीं। इस दौरान महबूबा मुफ्ती के लिए समर्थन जुटाएंगीं।

पुंछ में मीडिया से बात करते हुए इल्तिजा ने कहा कि मुफ्ती मोहम्मद सईद ने जो काम किए पुंछ के लोगों के लिए किए हैं। वे उसको लेकर ही प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इस दौरान इल्तिजा ने मुफ्ती मोहम्मद सईद के समय में हुए कामों को गिनवाया। आगे कहा कि वे अन्य दलों की तरह लोगों को लड़ाने का काम नहीं करते हैं। लोगों को जाति और मजहब के नाम पर बांटने का काम नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि वह अमन और सकारात्मकता का संदेश लेकर पुंछ पहुंची हैं।

इल्तिजा ने कहा कि उनका नौजवानों से आग्रह है कि वे अपनी शक्ति अपने वोट का सही इस्तेमाल करें। पीडीपी उनके साथ है। पीओजेके में चल रहे हालात पर पूछे जाने पर इल्तिजा मुफ्ती ने कहा कि वह उन बातों में नहीं पड़ना चाहती। अभी उनका फोकस कश्मीर में जो चुनाव चल रहे हैं उन पर है।

कश्मीर में लोकसभा चुनाव में बड़े वोट प्रतिशत को लेकर उनका कहना है कि लोगों में 2019 में जो गलत फैसला हुआ उसके खिलाफ गुस्सा है और इसलिए लोग बढ़-चढ़कर वोट कर रहे हैं। उन्होंने महबूबा मुफ्ती की जीत का दावा किया।

# भाजपा ने की मालीवाल के साथ हुई हाथापाई की निंदा, कठोर कार्रवाई की मांग की


एजेंसी



**नयी दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुए हाथापाई की घटना की निंदा करते हुए इस घटना पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा की प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने आज यहां पार्टी की केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुए हाथापाई की घटना को अत्यंत निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 48 घंटे से ये प्रश्न सबको विचलित कर रहा है कि सुल्तान यानि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के शीशमहल में आखिर क्या हो रहा है? स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री आवास से दो फोन किए और उसके थोड़ी देर बाद उन्होंने स्वयं पुलिस थाने पहुंचकर मौखिक उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन लिखित में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। लगभग 32 घंटे बाद श्री संजय सिंह ने ये स्पष्ट किया कि दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा और वर्तमान आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास के अंदर बदसुलूकी हुई है। इसके बाद से स्वाति मालीवाल से किसी का कोई संपर्क नहीं हुआ है और ये जानना अत्यंत आवश्यक है कि वे सुरक्षित हैं भी या नहीं? सुश्री इल्मी ने कहा कि सांसद संजय सिंह कहते हैं कि इस शिकायत का संज्ञान लिया गया है, लेकिन इस पर अब तक न तो कोई शिकायत दर्ज की गई है और न ही कोई कार्रवाई शुरू की गई है। एक राज्यसभा सदस्य का इतने समय तक गायब रहना अनेक शंकाओं को जन्म देता है। जब मुख्यमंत्री आवास में महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुरक्षित नहीं है और उनके साथ हाथापाई हो रही है, तो दिल्ली की आम महिलाएं इस निकम्मी सरकार से क्या अपेक्षाएं रख सकती है? सुश्री इल्मी ने कहा कि वह आप के इन नेताओं के करतूत बहुत अच्छे से जानती हैं और आज आम आदमी पार्टी की जो गंदगी जनता देख रही है, ये गंदगी देखकर ही उन्होंने आम आदमी पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया था। दिल्ली की जनता आज स्वयं आम आदमी पार्टी और उनके सुल्तान साहब (अरविंद केजरीवाल) के असली चरित्र से परिचित हो रही है। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से पहले, 2018 में अमानतुल्लाह खान और प्रकाश जारवाल का नाम दिल्ली के मुख्य सचिव अंशु प्रकाश के साथ हाथापाई के आरोप में चार्जशीट में आया था। प्रश्न ये भी है कि क्या इनके आपसी रिश्तों में कोई दरार आई है, जिसके कारण ये सब हो रहा है? मुख्यमंत्री केजरीवाल को 13 मई को उनके आवास में घटी शर्मनाक घटना का काला सच जनता के सामने रखना होगा।

# हरियाणा में होने वाली अमित शाह की तीन रैलियां रद्द

एजेंसी



**चंड़ीगढ़, 15 मई (नवसत्ता)।** लोकसभा चुनाव को लेकर हरियाणा में होने वाली केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की तीन रैलियां कैंसिल कर दी गई हैं।

अमित शाह द्वारा 16 मई को गुरुग्राम और 17 मई को रोहतक व करनाल में रैलियां की जानी थी। मगर फिलहाल इन रैलियों को कैंसिल कर दिया गया है। बाद में आगामी तिथि तय की जायेगी। यह जानकारी भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा लोकसभा चुनाव संयोजक राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने दी।

टोहाना में मीडिया से बातचीत करते हुए सुभाष बराला ने कहा कि एक बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैलियां रदद् कर दी गई। बाद में दूसरी तारीख तय होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 सीट पार कर रही है। हरियाणा और पूरे भारत में बीजेपी का माहौल बना हुआ है।

किसानों के विरोध को लेकर सुभाष बराला ने कहा कि किसान आंदोलन के समय जो कानून बनाए गए थे, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वापस ले लिए थे। उसके बाद भी किसानों की मांगों को लगातार हल करने का प्रयास बीजेपी द्वारा किया जाता रहा है। जो लोग किसान आंदोलन में थे, उनमें से अधिकतर कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं और वही लोग विरोध कर रहे हैं।

देवेंद्र सिंह बबली के बीजेपी में शामिल होने के सवाल पर सुभाष बराला ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि कौन बीजेपी में आ रहा है। लेकिन उन्हें सिर्फ इतना जरूर पता है कि जनता भाजपा के साथ है।

# मां, माटी, मानुष को ममता ने मुल्ला मौलवी, मदरसा में बदला: अमित शाह

एजेंसी



**कोलकाता, 15 मई (नवसत्ता)।** लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) धुआंधार प्रचार कर रही है। इस बीच केंद्रीय गृहमंत्री व पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के सेरामपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया और उन्होंने सूबे की ममता बनर्जी सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने बताया कि जिस नारे के साथ ममता बनर्जी सत्ता में आई थीं उसे अब उन्होंने बदल दिया है। साथ ही साथ केंद्रीय गृह मंत्री ने दुर्गा पूजा का भी जिक्र कर टीएमसी प्रमुख पर निशाना साधा।

अमित शाह ने कहा, 'ममता बनर्जी मां, माटी, मानुष' के नारे के साथ सत्ता में आई थीं, लेकिन यह नारा बदल गया है और अब मुल्ला, मौलवी मदरसा है। उन्होंने दुर्गा विसर्जन की अनुमति देने से इनकार कर दिया लेकिन रमजान में मुस्लिम कर्मचारियों को छुट्टी दे दी।'

उन्होंने इंडिया गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा, 'जब इंड़िया गठबंधन शासन कर रहा था तो कश्मीर में स्ट्राइक होती थीं। पीएम मोदी का प्रभाव देखिए, अब पाक में स्ट्राइक होती हैं। पहले के नारे आजादी, पत्थरबाजी जैसी चीजें हमारी ओर से होती थीं, अब यह सब पीओके में होता है। मणिशंकर अय्यर और फारुख अब्दुल्ला कहते हैं कि पाक की बात मत करो, क्योंकि पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी, ममता दीदी आपको डरना है तो डरिए, लेकिन ये पाक भारत का है और हम इसे लेकर रहेंगे।'

शाह ने हुगली में कहा कि ममता दीदी और कांग्रेस धारा 370 हटाने का विरोध करते हैं। जब मैंने पूछा, तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। ये नरेंद्र मोदी का शासन है 5 साल हो गए खून की नदियां तो छोड़ो किसी की कंकड चलाने की भी हिम्मत नहीं है। नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर पूरे कश्मीर को हमेशा के लिए भारत के साथ जोड़ दिया।

उन्होंने कहा कि सत्यजीत रे बहुत बड़े कलाकार थे, उन्होंने एक मूवी बनाई-हीरक राजार देशे। मगर जब ममता जी का शासन आया, तब सत्यजीत दा नहीं थें, वरना वो हीरक राजार देशे की जगह हीरक रानी नाम से मूवी बनाते। ममता बनर्जी हीरक रानी हैं। ममता दीदी खुद तो संविधान की धज्जियां उड़ाती हैं और यहां से दीदी के नुमाइंदे कल्याण बनर्जी, उपराष्ट्रपति के संवैधानिक पद का मखौल उड़ाने का काम कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने बंगाल के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक आपके लोग सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री रहे, लेकिन सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया? उनकी सरकार ने 10 साल में बंगाल के विकास के लिए मात्र 2 लाख करोड़ रुपए दिए, जबकि पीएम मोदी ने 10 साल में 9 लाख, 25 हजार करोड़ रुपए देने का काम किया।

# चार प्रमुख पार्टियों के 52 दिग्गजों के बीच एक जून को होगा दंगल

एजेंसी



**चंड़ीगढ़, 15 मई (नवसत्ता)।** पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर मुख्य रूप से 52 दिग्गजों में सियासी घमासान होगा। 17 मई को नाम वापसी के साथ तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी, लेकिन चार प्रमुख पार्टियों आप, कांग्रेस, शिअद व भाजपा के उम्मीदवारों के लिए सियासी अखाड़ा पूरी तरह से तैयार है। इन पार्टियों के 52 प्रत्याशी चुनावी दंगल के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

जालंधर की सीट पर एक रूप से समधी आमने-सामने हैं। जालंधर सीट से कांग्रेस से प्रदेश के पूर्व सीएम रह चुके चरणजीत चन्नी मैदान में हैं। वहीं शिअद से मोहिंदर सिंह केपी भी मैदान में हैं। मोहिंदर केपी की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। ऐसे में ये दोनों समधी भी हैं। दोनों दलित नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। भाजपा से प्रत्याशी इस सीट पर आप के टिकट से सांसदी जीत चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी आप ने रिंकू को अपना चेहरा बनाया था, लेकिन वह टिकट लौटाकर भाजपा में शामिल हो गए। आप में शामिल होने से पहले रिंकू कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जालंधर में रिंकू अच्छी पकड़ रखते हैं। जालंधर सीट पर शिअद ने भी मजबूत और अनुभवी प्रत्याशी उतारा है। यहां मोहिंदर सिंह केपी को शिअद ने उतारकर कड़ी टक्कर दी है। वह दोआबा क्षेत्र में दलित नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। 1992 और 1995 में कांग्रेस सरकार में मंत्री और 2009 में जालंधर से सांसद रह चुके हैं। दक्षिणी जालंधर से केपी 1985, 1992 और 2002 में विधायक रह चुके हैं। इस सीट आप ने पवन कुमार टीनू को मैदान में उतारा है, जोकि 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए।

इस सीट पर भाजपा ने जहां पूर्व राजदूत तरणजीत सिंह संधू को मैदान में उतारा है, वहीं सीट पर आप के मंत्री कुलदीप धालीवाल की टक्कर शिअद के प्रत्याशी पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिल जोशी और कांग्रेस से सांसद गुरजीत औजला से है। 2014 से यह लोकसभा सीट कांग्रेस पार्टी के पास है। अमरिंदर सिंह ने 2014 में अरुण जेटली को हराया था। 2017 में कैप्टन अमरिंदर सिंह के पंजाब के मुख्यमंत्री बनने के बाद गुरजीत सिंह औजला इस सीट से सांसद चुने गए। 2019 में भी यह सीट बचाने में गुरजीत सिंह कामयाब रहे। कांग्रेस ने इसलिए तीसरी बार औजला पर दांव खेला है। आप ने अपने मंत्री और भाजपा ने पूर्व राजदूत को उतारकर टक्कर दी है।

बठिंडा में शिअद ने तीन बार की सांसद एवं पार्टी प्रधान सुखबीर बादल की पत्नी हरसिमरत कौर बादल पर दांव खेला है। उनके सामने आम आदमी पार्टी ने कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने पूर्व आईएएस अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू और कांग्रेस ने चार बार के विधायक जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू पर भरोसा जताया है। हरसिमरत 2009 में पहली बार राजनीति में उतरी थीं। वे बठिंडा से पार्टी प्रत्याशी बनीं और जीत दर्ज की। वर्ष 2014 और 2019 में भी उन्होंने इसी सीट से अपनी जीत जारी रखी। आप प्रत्याशी खुड्डियां ने 2022 के चुनाव में लंबी सीट से शिअद उम्मीदवार प्रकाश सिंह बादल को 11,396 मत के अंतर से हराया था। भाजपा प्रत्याशी परमपाल कौर मलूका राजनीति में नई हैं। इससे पहले वह पंजाब सरकार में आईएएस अधिकारी के तौर पर सेवाएं दे रही थीं। हालांकि, उनका परिवार राजनीतिक से जुड़ा रहा है। उनके ससुर सिकंदर सिंह मलूका अकाली सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं।

आनंदपुर सीट पर भाजपा ने हिंदू चेहरा दिया है। सुभाष शर्मा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से भाजपा में आए हैं। आनंदपुर साहिब सीट से भाजपा के उम्मीदवार सुभाष शर्मा मूल रूप से अमृतसर के रहने वाले हैं। वह पिछले कई सालों से मोहाली में रह रहे हैं। मोहाली श्री आनंदपुर साहिब सीट का हिस्सा है। पिछले लंबे समय से पार्टी के अहम पदों पर सक्रिय हैं। शिअद के वरिष्ठ नेता प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा इस सीट पर 2019 का चुनाव अब चंडीगढ़ से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी मनीष तिवारी से हार गए थे। हालांकि प्रो. चंदूमजारा ने 2014 में जीत दर्ज की थी। दूसरे स्थान पर कांग्रेस की अंबिका सोनी रही थीं। आप के मालविंदर कंग पहली बार मैदान में है। कांग्रेस के विजय इंदर सिंगला पंजाब विधान सभा के पूर्व सदस्य हैं। वह 2009 से 2014 तक पंजाब के संगरूर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के सांसद थे। 2014 में वह संगरूर से भगवंत मान से 3,51,827 वोटों के अंतर से लोकसभा चुनाव हार गए थे। 2017 में उन्होंने 30 हजार वोटों के अंतर से संगरूर निर्वाचन क्षेत्र जीता।

इस सीट पर आप के सीएम भगवंत मान ने अपने मित्र करमजीत अनमोल पर भरोसा जताया है। वह संगीत और कला की दुनिया के साथ अब राजनीति में कदम रख रहे हैं। इस सीट से दो कलाकारों ने चुनावी ताल ठोकी है। एक ओर जहां बीजेपी ने हंस राज हंस को मैदान में उतारा है, वहीं आम आदमी पार्टी ने करमजीत अनमोल को कैंडिडेट बनाया है। कांग्रेस से अमरजीत कौर दूसरी बार मैदान में है और शिअद के राजविंदर सिंह पहली बार मैदान में है।

प्रदेश की सबसे हॉट सीट में शुमार संगरूर संसदीय क्षेत्र का चुनाव इसलिए भी खास है क्योंकि यह सीएम मान का गढ़ है। सीएम ने अपने मंत्री गुरमीत हेयर को मैदान में उतारा है, उनका मुकाबला कांग्रेस के सुखपाल सिंह खैरा है, जोकि सीधे तौर पर सीएम को भी चुनावी मैदान में उतरने की चुनौती दे चुके थे। शिरोमणि अकाली दल से पूर्व विधायक इकबाल सिंह झूंदा को और भाजपा ने अरविंद खन्ना को मैदान में उतारा है। संगरूर सीट की खासियत ये है कि यहां की जनता ने सभी राजनीतिक दलों को मौका दिया है। अगर 1996, 1998, 2014 व 2019 को छोड़ दिया जाए तो हर चुनाव में लोगों ने यहां चेहरा बदल दिया है। बेरोजगारी यहां सबसे बड़ा मुद्दा है।आप संगरूर सीट को मुख्यमंत्री भगवंत मान का गढ़ मानती है, क्योंकि वह दो बार लगातार यहां से सांसद रह चुके हैं, लेकिन इस बार मान खुद चुनाव मैदान में नहीं हैं। पार्टी ने कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह मीत को हेयर को उतारा है। आप के लिए चुनौती यह है कि विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के बावजूद वर्ष 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में उनको हार का सामना करना पड़ा था।

# गुप्त सूचना पर खुदाई में बरामद हुई नव विवाहिता की लाश

संवाददाता

**कन्नौज, 15 मई (नवसत्ता)।** एक गांव में सुबह पुलिस टीम पहुंची। फावड़ा मंगवाकर तालाब में मिट्टी की खुदाई कराई। यहां एक महिला का शव निकला तो गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया गया कि डेढ़ महीने पहले ही युवक ने शादी की थी। उसे पत्नी पर अवैध सम्बंध का शक था। घटना ठठिया थाना क्षेत्र के कौलेपुरवा गांव की है। एक दिन पहले थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव के बाहर तालाब में एक महिला का शव दफन किया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गांव पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से मिट्टी की खुदाई कराई। यहां महिला का शव देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। महिला की पहचान गांव के ही रहने



वाले 30 वर्षीय शीलू दोहरे की पत्नी निक्की के रूप में हुई। पुलिस ने शीलू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। शीलू ने बताया कि डेढ़ महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद कई बार पत्नी निक्की को किसी दूसरे व्यक्ति से फोन पर बातें करते देखा। 13 मई को भी उसकी पत्नी निक्की फोन पर किसी से बातें कर रही थी। जब उससे पूछताछ की तो वह झगड़े पर आमादा हो गई। इसके बाद वह कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद जब शीलू कमरे में गया तो पत्नी निक्की का शव फांसी के फंदे पर टंगा पाया। शीलू ने बताया कि पत्नी का शव देखकर वह डर गया था। इसलिए रात में चुपचाप गांव के बाहर तालाब में पत्नी का शव दफना दिया था हालांकि पुलिस ने शीलू और उसके परिजनों को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों को भी फोन पर सूचना दे दी गई। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शीलू और बिहार में पूर्णिया जिले के कलम्बा गांव निवासी निक्की के प्रेम सम्बंध मोबाइल फोन के जरिये हो गए थे। दोनों के बीच प्रेम परवान चढ़ा तो शीलू ने निक्की से डेढ़ महीने पहले शादी कर ली थी लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही शीलू को शक हुआ कि उसकी पत्नी किसी अन्य व्यक्ति से फोन पर देर-देर तक बात करती रहती है। जिसको लेकर पति-पत्नी में विवाद होने लग गया था। दोनो के बीच विवाद की परिणीति इस अंजाम तक पहुंची।

# पीटकर मार डालने वाले सात लोगो को दस वर्ष की कैद

बृजेश चतुर्वेदी

**कन्नौज, 15 मई (नवसत्ता)।** छिबरामऊ कस्बे में कुछ लोगों ने मिलकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। जिससे उसकी अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 7 लोगों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। सभी आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के चौधरियान मोहल्ला के रहने वाले वाले इरशाद खान, जुल्फिकार, हाशिम राशिद, शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद से मोहल्ले के ही रहने वाले शहजाद के भांजे सोहेल से 27 अप्रैल 2021 की रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। कहासुनी और गाली-गलौज होने पर इरशाद खान जुल्फिकार, हाशिम, राशिद शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद लाठी-डंडा लेकर आ गए थे और उन्होंने बेहरमी




से सोहेल की पिटाई कर दी थी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां सोहेल की मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर सोहेल के मामा शहजाद अहमद ने छिबरामऊ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर 7 लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि युवक की हत्या मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्रनाथ के न्यायालय में चल रही थी। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर 7 लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई।

# निवर्तमान सांसद ने शहर कोतवाल पर लगाये गम्भीर आरोप

बृजेश चतुर्वेदी

**कन्नौज, 15 मई (नवसत्ता)।** कोतवाली प्रभारी की कार्यशैली को लेकर भाजपाइयों में आक्रोश है। भाजपा प्रत्याशी ने मतदान के दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को धमकाने और पीटने का आरोप लगाते हुए कोतवाल की जांच कराने की बात कही है। मतदान के दिन कन्नौज शहर के कुछ बूथों पर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच गहमा-गहमी हो गई थी। मकरंदनगर क्षेत्र में भगवा गमछा गले में डाले युवकों को कोतवाली प्रभारी ने हड़काया था और गमछा उतरवाने के आरोप लगे थे।

एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज के मतदान बूथ पर पुलिस कर्मियों द्वारा सपा के पक्ष में मतदान कराने के आरोप लगे थे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस कर्मियों की



हरकतों का विरोध किया तो हंगामा हो गया। आरोप है कि कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बूथ पर पहुंचकर भाजपा के एक कार्यकर्ता की जमकर पिटाई कर दी और फिर हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंच गए।

इस मामले की जानकारी कार्यकर्ताओं ने सांसद सुब्रत पाठक को दी तो कुछ देर में वह भी समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंच गए, जहां इंस्पेक्टर के साथ उनकी झड़प हो गई। हालांकि मामला बढ़ता देख पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता को छोड़ दिया, जिसके बाद हंगामा शान्त हुआ। उधर इस मामले को लेकर भाजपा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कोतवाल पर गम्भीर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं।

सुब्रत पाठक ने कहा कि कोतवाल की लगातार शिकायतें आ रहीं थीं कि वह बात-बात पर लोगों से पैसा मांगते हैं और वोटिंग के दिन कोतवाल का भ्रष्ट आचरण भी सामने आ गया। कोतवाल ने बूथों पर भाजपा के वोटों को जानबूझकर डिस्टर्ब करने का काम किया है। जानकारी मिली है कि कुछ लोगों से पैसा लिया है। यही वजह है कि जिन बूथों पर सपा के लोगों की शिकायतें मिल रहीं थीं, उन बूथों पर कोतवाल गया तक नहीं था। वर्दी पहनकर कोतवाल ने गुंडागर्दी की है, जिसकी इजाजत किसी को नहीं है।

# भाजपा किसान मोर्चा द्वारा अन्नदाता सम्मेलन आयोजित

संवाददाता

**मिर्जापुर, 15 मई (नवसत्ता)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा जिले के मड़िहान विधानसभा अंतर्गत अदलहाट मंडल के गुरू कार्ष्णि महाविद्यालय कासेहर दौलताबाद में किसान अन्नदाता सम्मेलन का आयोजन जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह ने उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के पहले और 2014 के बाद किसानों के समस्या के समाधान और किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए किए गए कार्यों को बताया। पश्चात् उपस्थित किसानों से आगामी 01 जून को जिले में होने वाले लोकसभा चुनावों में



एन.डी.ए.प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल को भारी से भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। अन्नदाता किसान सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, एम.एल.सी. श्याम नारायण सिंह ने भी सम्बोधित किया। अन्त में आये हुए सभी अतिथियों का गुरू कार्ष्णि महाविद्यालय के प्रबंधक संदीप सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा नागेश्वर तिवारी ने किया। सम्मेलन में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डा. प्रशांत पाण्डेय, के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चुनाव ड्यूटी से नौ बसें वापस, यात्रियों को राहत

संवाददाता

**सुल्तानपुर, 15 मई (नवसत्ता)।** चुनाव ड्यूटी में लगाई गई डिपो की नौ रोडवेज बसें वापस लौट आई हैं। बसों के वापस आने का सिलसिला अभी जारी है। वापसी से यात्रियों को कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

सुल्तानपुर डिपो से 125 बसों का संचालन हो रहा है। प्रयागराज अयोध्या, आजमगढ़, वाराणसी लखनऊ, कानपुर, दिल्ली के साथ ही लोकल रूट पर बसों का संचालन होता है।

बीते दिनों अलग-अलग शिफ्ट में लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए 27 बसें भेजी गई थीं। इसमें लखनऊ, कानपुर, आजमगढ़, वाराणसी आदि रूट की बसें गई थीं। बसों के जाने से इन रूटों के यात्रियों के सामने परेशानी खड़ी हो गई थी। लंबी दूरी के साथ ही लोकल रूट के यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा था। 27 बसों में से नौ बसें मंगलवार




को वापस आ गई। अब भी 18 बसें चुनाव में लगी हैं।

रोडवेज की नौ बसें वापस आने के बाद भी यात्रियों की परेशानी कम नहीं हुई है। दोपहर सवा 12 बजे रोडवेज परिसर में 100 से अधिक यात्री गंतव्य तक जाने के लिए इधर-उधर भटकते दिखाई दिए। पूछताछ केंद्र से यात्रियों को जल्द बस आने का आश्वासन दिया जा रहा था। रजिया बेगम परिवार के साथ 45 मिनट से आजमगढ़ जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। बताया कि अक्सर यहां पर समय से बस नहीं मिलती है। भोला यादव को व्यापार के सिलसिले में अकबरपुर जाना था। कहा कि डेढ़ घंटे से अधिक समय बीत गया लेकिन अभी तक बस नहीं मिली। इसके अलावा कई यात्री कादीपुर और अमेठी जाने के लिए परिसर में बस के आने का इंतजार करते मिले।

चुनाव ड्यूटी से नौ बसें वापस आ गई हैं। इन बसों के आने से यात्रियों को अब ज्यादा परेशानी नहीं हो रही है। कुछ रूट पर बसों का अभाव है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए दूसरे रूट पर चलने वाली बसों से उन्हें भेजा जाता है।

## प्रशिक्षण के दूसरे दिन भी अनुपस्थित रहे 64 कर्मचारी, रोका वेतन

**सुल्तानपुर, 15 मई (नवसत्ता)।** मतदान के लिए केंद्रीय विद्यालय अमहट में कराए जा रहे प्रशिक्षण में दूसरे दिन भी 64 कर्मचारी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में अनुपस्थित मिले कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया है। गैरहाजिर कर्मचारियों से 15 मई की शाम तक स्पष्टीकरण मांगा गया है।

केंद्रीय विद्यालय अमहट के 25 कक्षों में मंगलवार को दो पालियों में मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय को ट्रेनिंग में मतदान कराने के तरीके बताए गए। दोनों पालियों में एक-एक हजार मतदान कार्मिकों को बुलाया गया था। इसमें 64 अनुपस्थित रहे। डीडीओ अजय कुमार पांडेय, जिला प्रशिक्षण अधिकारी संतोष गुप्ता, समेत मास्टर ट्रेनरों ने ईवीएम के संचालन, बंद करने, मॉकपोल, मतपत्र लेखा भरने समेत अन्य जानकारियां दीं।

# रोटरी क्लब विंध्याचल ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

संवाददाता

**मिर्जापुर, 15 मई (नवसत्ता)।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रोटरी क्लब विंध्याचल द्वारा भरूहना स्थित विशाल इंटर कॉलेज से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जो भरुहना चौराहा एवम भरुहना रोड से होते हुए पुनः विशाल इंटर कॉलेज पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्हैया लाल बसंत लाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक सिंह एवम जी. डी. बिनानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. बीना सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जिसमें सैकड़ो की संख्या में उपस्थित छात्र/छात्राओं ने हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्ती और बैनर लेकर नगर भ्रमण करते हुए सभी को आगामी लोकसभा चुनाव में 01 जून को मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संजय सिंह गहरवार एवम डा. अमित




केसरवानी ने रास्ते भर मतदाता जागरूकता संबंधी नारेबाजी कर छात्र छात्राओं एवम स्थानीय नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के उपरान्त अध्यक्ष सुशील झुनझुनवाला ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है और हमे इसका उपयोग राष्ट्रहित में अवश्य करना चाहिए, जाति धर्म से ऊपर उठकर ऐसे प्रत्याशी का चयन करना चाहिए जो आपके जनपद की समस्याओं को सदन में पेश कर, जनपद के विकास का मार्ग प्रशस्त करे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक भगवान दास ने सभी का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।



# लड़कियों को मिले पूरा हक, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में हो बराबर हिस्सेदारी: ईशा अंबानी

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** चौथी औद्योगिक क्रांति के इस डिजिटल युग में भारत को अगर वर्ल्ड लीडर के तौर पर उभरना है तो लड़कियों को आगे लाना होगा। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और सूचना व संचार टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी बढ़ानी होगी। दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित 'गर्ल्स इन आईसीटी इंडिया- 2024' में लड़कियों से बात करते हुए रिलायंस इंडस्ट्री लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने उन्हें प्रौद्योगिकी को एक करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। ईशा ने कहा, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में महिलाओं और पुरूषों का अनुपात बराबर होना चाहिए। इसके लिए हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

'गर्ल्स इन इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (जीआईसीटी) इंडिया- 2024' का



आयोजन दूरसंचार विभाग - भारत सरकार, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (दक्षिण एशिया), इनोवेशन सेंटर - दिल्ली और संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों ने मिलकर किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए ईशा अंबानी ने कहा कि सरकार आवश्यक सुधार कर रही है, और इसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं।

पिछले दशक में टेक्नोलॉजी कार्यबल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 6प्रतिशत बढ़ा है, पर उद्योग जगत को भी अपना योगदान देना होगा। उन्हें ऐसे तरीके और साधन तैयार करने होंगे, जिससे महिलाओं के करियर में स्थिरता सुनिश्चित हो सके। साथ मिलकर, हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जहां हमारी बेटियों को कल का नेता बनने के समान अवसर मिलें।

ईशा अंबानी ने अपनी मां नीता अंबानी का जिक्र करते हुए कहा कि वे बार बार कहती हैं कि एक आदमी को सशक्त बनाओ तो वह एक परिवार का पेट भरेगा। जबकि एक महिला को सशक्त बनाया जाए तो वह पूरे गांव को खाना खिलाएगी। उन्होंने आगे कहा कि मुझे मेरी मां की बात पर पूरा विश्वास है कि महिलाएं जन्मजात लीडर होती हैं। उनकी सहज निस्वार्थता उन्हें बेहतर लीडर बनाती है। महिला कर्मचारियों को उनके करियर के आरंभ से ही प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। केवल कागज पर विविधता और समावेशिता दिखाने से बदलाव नहीं आएगा

## कई यूजर्स के फेसबुक-इंस्टाग्राम अकाउंट डाउन

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** सोशल मीडिया ऐप फेसबुक और इंस्टाग्राम 15 मई को दुनियाभर में कई यूजर्स के लिए डाउन हो गए हैं। डाउन डिटेक्टर पर सैकड़ों यूजर्स ने इन ऐप्स से जुड़ी समस्याओं को रिपोर्ट किया। यूजर्स को अपनी फीड रिफ्रेश करने में परेशानी आ रही है। फेसबुक और इंस्टाग्राम ने अभी तक आउटेज से जुड़ा कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। ये आउटेज किस कारण से हुआ है इसके कारण भी अभी साफ नहीं है। इसे ठीक होने में कितना समय लगेगा इसकी भी कोई जानकारी नहीं है। आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के डेटा से पता चला है कि सुबह करीब 4 बजे से यूजर्स ने आउटेज को रिपोर्ट करना शुरू किया था। सुबह 07:30 बजे सबसे ज्यादा यूजर्स ने परेशानी रिपोर्ट की। हालांकि, इसके बाद आउटेज रिपोर्ट कम हो गई। इससे पहले 5 मार्च की रात मेटा कंपनी के दोनों प्लेटफॉर्म्स पर यूजर्स को लॉगिन और फीड रिफ्रेश करने में दिक्कत आई थी। फेसबुक पर यूजर्स के अकाउंट ऑटोमैटिक लॉगआउट हो गए थे, जबकि इंस्टाग्राम पर यूजर्स नई फीड्स को रीफ्रेश नहीं कर पा रहे थे। 4 अक्टूबर 2021 को फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सऐप प्लेटफॉर्म करीब 6 घंटे तक पूरी दुनिया में बंद रहे थे। जिसके चलते अरबों यूजर्स को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यह समस्या रात करीब 9:15 बजे सामने आई थी। इस आउटेज का असर अमेरिकी बाजार में फेसबुक के शेयरों पर भी दिखा था।

# एसबीआई ने एफडी की ब्याज दरें 0.75 प्रतिशत तक बढ़ाई

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। एसबीआई ने 46 दिन से 179 दिन तक की एफडी की ब्याज दर को 4.75प्रतिशत से बढ़ाकर 5.50प्रतिशत किया है। वहीं 180 दिन से 210 दिन तक की एफडी पर अब 5.75प्रतिशत की बजाय 6.00प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इसी तरह 211 दिन से 1 साल से कम समय की एफडी पर अब 6.00प्रतिशत की जगह 6.25प्रतिशत ब्याज मिलेगा। बाकी अवधि की ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया गया है। ये ब्याज दरें 15 मई से लागू हो गई हैं। ब्याज की यह दरें 2 करोड़ रुपए से कम की एफडी के लिए हैं।

एफडी से मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से टैक्सेबल होता है। आप एक




साल में एफडी पर जो भी ब्याज कमाते हैं, वो आपकी एनुअल इनकम में जुड़ता है। कुल आय के आधार पर, आपका टैक्स स्लैब निर्धारित किया जाता है। चूंकि एफडी पर अर्जित इंटरेस्ट इनकम को इनकम फ्रॉम अदर सोर्सेज माना जाता है, इसलिए इसे टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स या टीडीएस के तहत चार्ज किया जाता है। जब आपका बैंक आपकी ब्याज आय को आपके अकाउंट में जमा करता है, तो उसी समय टीडीएस काट लिया जाता है। यदि आपकी कुल आय एक वर्ष में 2.5 लाख रुपए से कम है, तो बैंक फिक्स्ड डिपॉजिट पर टीडीएस नहीं काटता है। हालांकि, इसके लिए आपको फॉर्म 15प्रतिशत जमा करना पड़ेगा। ऐसे में अगर आप टीडीएस बचाना चाहते हैं तो फॉर्म 15प्रतिशत जरूर जमा करें।

यदि सभी एफडी से आपकी इंटरेस्ट इनकम एक वर्ष में 40,000 रुपए से कम है, तो टीडीएस नहीं काटा जाता है। वहीं अगर आपकी ब्याज आय 40,000 रुपए से अधिक है तो 10प्रतिशत टीडीएस काटा जाएगा। पैन कार्ड नहीं देने बैंक 20प्रतिशत काट सकता है।

40,000 से ज्यादा इंटरेस्ट इनकम पर टीडीएस काटने की यह लिमिट 60 साल से कम उम्र के लोगों के लिए है। वहीं 60 साल से ज्यादा उम्र, यानी सीनियर सिटीजन की एफडी से 50 हजार रुपए तक की आय टैक्स फ्री होती है।

# ब्लैकस्टोन समेत तीन विदेशी कंपनियां मिलकर खरीदेंगी हल्दीराम

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** देश की पॉपुलर स्नैक्स कंपनी हल्दीराम की 76प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए एक ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ग्रुप ने कथित तौर पर 8.5 बिलियन डॉलर (करीब 70 हजार करोड़) की एक नॉन बाइंडिंग बिड प्रस्तुत की है।

प्राइवेट इक्विटी फर्म ब्लैकस्टोन के नेतृत्व में एक कंटोर्टियम अबु धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी और जीआईसी सिंगापुर ने साथ मिलकर हिस्सेदारी खरीदने के लिए बोली प्रस्तुत की है। हालांकि, अभी तक हल्दीराम और कंटोर्टियम की ओर से इसके बारे में ऑफिशियल तौर पर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। हल्दीराम के स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं।




इसकी शुरुआत 1937 में एक छोटी सी दुकान से हुई थी। हल्दीराम के स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं। इसकी शुरुआत 1937 में एक छोटी सी दुकान से हुई थी। अगर यह डील होती है तो यह भारत में अब तक की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी डील होगी। एचएसएफपीएल अग्रवाल फैमिली के दिल्ली और नागपुर गुट की कंबाइंड पैकेज्ड और स्नैक्स फूड बिजनेस है। यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल के अनुसार, भारत के 6.2 अरब डॉलर के स्नैक मार्केट में हल्दीराम की लगभग 13प्रतिशत हिस्सेदारी है। लेज चिप्स के लिए मशहूर पेप्सी का भी लगभग 13त्न हिस्सा है। हल्दीराम के स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं। कंपनी के पास लगभग 150 रेस्तरां हैं। इसकी शुरुआत 1937 में एक छोटी सी दुकान से हुई थी।

# इंडिगो की 100 छोटे विमान खरीदने की योजना

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** घरेलू एयरलाइन इंडिगो ने क्षेत्रीय मार्गों पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए 100 छोटे विमानों की खरीद के सिलसिले में विमान विनिर्माताओं के साथ चर्चा शुरू की है। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हाल ही में बड़े आकार वाले 30 ए350 विमानों का ऑर्डर देने वाली इंडिगो इस समय घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिचालन का विस्तार करने की तैयारी में जुटी है। सूत्र ने बताया कि इंडिगो की योजना 100 छोटे विमान खरीदने की है और वह इस संबंध में एटीआर और एम्ब्रेयर जैसी विमान विनिर्माताओं के साथ चर्चा कर रही है।

हालांकि, इस बारे में अंतिम निर्णय लिया जाना अभी बाकी है लेकिन एयरलाइन की व्यापक योजना 50 विमानों का पक्का ऑर्डर देने और 50 अन्य विमानों की खरीद का विकल्प रखने की है।

इस बारे में इंडिगो की तरफ से कोई टिप्पणी नहीं आई है। इंडिगो के पास फिलहाल 355 विमानों का परिचालन बेड़ा है। इनमें 45 एटीआर के अलावा 193 ए320 नियो, 20 ए320 सीईओ, 94 ए321 और तीन ए321 मालवाहक जहाज हैं। पिछले साल जून में एयरलाइन ने विमान विनिर्माता एयरबस को 500 विमानों का ऑर्डर दिया था जो किसी भी एयरलाइन का अबतक का सबसे बड़ा एकल विमान ऑर्डर है। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने अप्रैल में कहा था कि वर्ष 2030 तक एयरलाइन का आकार दोगुना करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

# दूसरे दिन भी 400 रुपए सस्ता हुआ सोना

एजेंसी

**नई दिल्ली, 15 मई (नवसत्ता)।** अगर आप सोना खरीदने का प्लान बना रहे हैं तो आपके लिए खुशखबरी है। भले ही इंटरनेशनल मार्केट में तेजी देखने को मिल रही हो, लेकिन भारत के घरेलु मार्केट में सोना बुधवार को फिर 400 रुपए सस्ता हो गया है। ऐसे में ये सोना खरीदारों के लिए काफी राहत भरी खबर है। इस गिरावट के बाद देश के अलग-अलग शहरों में गोल्ड की कीमत 73 हजार रुपए से नीचे आ गई हैं। देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो 10 ग्राम सोने का रेट 72,960 रुपये पर कारोबार कर रहा है। वहीं, चांदी का रेट 87,300 रुपये पर ट्रेड कर रहा है। आइए जानते हैं देश के कुछ अन्य बड़े शहरों में सोने का रिटेल भाव क्या रहा।



पिछले दिन भी सोने के दाम में 400 रुपए की गिरावट दर्ज की गई थी। देश की राजधानी दिल्ली में गोल्ड की कीमत में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। गुड रिटर्न के आंकड़ों के अनुसार जहां पूरे देश में 24 कैरेट गोल्ड के दाम में औसतन 400 रुपए गिरावट आई है। वहीं दिल्ली में सोना 430 रुपए प्रति दस ग्राम तक सस्ता हुआ है। जिसके बाद दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड के दाम 72,970 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ गए हैं। वहीं 22 कैरेट गोल्ड की कीमत में 400 रुपए की गिरावट देखने को मिली है। जिसके बाद कीमत 66,900 रुपए प्रति दस ग्राम पर आ चुकी है। बीते दस दिनों में गोल्ड की कीमत में काफी गिरावट देखने को मिल चुकी है। मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक सरिता श्रीवास्तव द्वारा आयशा ऑफसेट प्रिन्टर्स, मकान नं।- 166, पिपरौली हवतामऊ मवैया, रायबरेली रोड, लखनऊ उ।प्र से मुद्रित कराकर 806,ब्लाक एफ,बेतवा एपार्टमेंट,सेक्टर 4,गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ,उप्र से प्रकाशित।
सम्पादक- सरिता श्रीवास्तव- फोन नं-0522-2207090, मो0 नं0- 9415020008 आर0 एन0आई0 नं0 यूपीएचआईएन/2009/28265 'सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ न्यायालय होगा। navsatta@gmail.com





# डाक सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को पोस्टमास्टर जनरल ने किया सम्मानित

संवाददाता

**वाराणसी, 15 मई (नवसत्ता)।** डाक सेवाएं नवीनतम टेक्नोलॉजी अपनाते हुए नित्य नए आयाम रच रही हैं। तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। डाकघरों में एक ही छत के नीचे पत्र-पार्सल, बचत बैंक, बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, डीबीटी, डिजिटल बैंकिंग आधार, पासपोर्ट, कॉमन सर्विस सेंटर जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। डाककर्मी कर्मयोगी की भांति कार्य करते हुए लोगों को इन योजनाओं से जोड़ रहे हैं। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने मण्डलाध्यक्षों एवं उपमंडलाध्यक्षों के वित्तीय वर्ष 2023-24 के कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान व्यक्त किये। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधीक्षकों, उपमंडलीय निरीक्षकों पोस्टमास्टरों को उन्होंने सम्मानित कर हौसलाअफजाई भी की।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने समीक्षा पश्चात बताया कि, वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 5.44 लाख नए बचत खाते, 2.73 लाख इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते, 58 हजार सुकन्या समृद्धि व 21 हजार महिला सम्मान बचत पत्र खाते खोले गए। 8.69 लाख लोगों ने डाकघरों तथा आईपीपीबी के माध्यम से आधार सेवाओं का लाभ उठाया, वहीं 25 हजार लोगों ने डाकघरों से पासपोर्ट बनवाया। वाराणसी परिक्षेत्र में बचत बैंक सेवाओं से 64.94 करोड़ आईपीपीबी से 8.03 करोड़, स्पीड पोस्ट व पार्सल से 11.44 करोड़ रुपये और पोस्टल ऑपरेशन से 36.2 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। डाक जीवन बीमा में 37.77 करोड़ रूपये व ग्रामीण डाक जीवन बीमा में 16.20 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जमा हुआ।

वाराणसी परिक्षेत्र में अभी तक 1,020 गांवों को सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम और 519 गांवों को सम्पूर्ण बीमा ग्राम बनाया जा चुका है।

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रवर डाक अधीक्षक वाराणसी पूर्वी मंडल को आधार नामांकन व अद्यतनीकरण, डाक जीवन बीमा एवं पार्सल राजस्व, डाक अधीक्षक, वाराणसी पश्चिमी मंडल विनय कुमार को सर्वाधिक सुकन्या समृद्धि खाता, स्पीड पोस्ट राजस्व तथा पोस्टल ऑपरेशन व व्यवसाय में उत्कृष्टता हेतु सम्मानित किया। इसके साथ ही जौनपुर मंडल के डाक अधीक्षक परमानंद कुमार को इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, गाजीपुर मंडल के डाक अधीक्षक प्रदीप कुमार पाठक को महिला सम्मान बचत पत्र व ग्रामीण डाक जीवन बीमा व्यवसाय हेतु और बलिया मण्डल के डाक अधीक्षक हेमंत कुमार को सर्वाधिक बचत खाते खोलने व पार्सल एवं स्पीड पोस्ट वितरण हेतु सम्मानित किया।

मंडलों के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें सहायक अधीक्षक नगर वाराणसी सर्वेश कुमार सिंह, सहायक अधीक्षक वाराणसी पश्चिम इन्द्रजीत पाल एवं सहायक अधीक्षक पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर श्रीकांत पाल को डाक जीवन बीमा, डाक निरीक्षक बलिया अंगद कुमार यादव को डाकघर बचत खाता, डाक निरीक्षक वाराणसी पश्चिम मंदीप कुमार को महिला सम्मान बचत पत्र, डाक निरीक्षक ज्ञानपुर विकास वर्मा को ग्रामीण डाक जीवन बीमा और आईपीपीबी, डाक निरीक्षक जौनपुर केन्द्रीय बलबीर सिंह एवं डाक निरीक्षक मछलीशहर शशिकांत कन्नौजिया को आईपीपीबी प्रीमियम खाता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने सम्मानित किया।

# मतदान के बाद गुणा गणित में जुटे पार्टी प्रत्याशी

संवाददाता



**बहराइच, 15 मई (नवसत्ता)।** बहराइच लोकसभा सीट पर सोमवार को मतदान का समाप्त हो गया है। चुनाव निपटाने के बाद मंगलवार को सपा, भाजपा व बसपा के प्रत्याशियों ने जीत व हार का गुणा-गणित लगाया। कोई अपने चुनाव कार्यालय पर, तो कोई आवास पर अपने कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ विधानसभावार बूथ पर पड़े वोटों के आधार पर अपने-अपने वोट की चर्चा करते दिखाई दिए। भाजपा व सपा कार्यालय पर चुनाव से पूर्व का हलचल नहीं दिखाई दी। वहीं बसपा का जिले में कोई अपना कार्यालय न होने से पार्टी प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय पर ही बैठक करते नजर आए।

सपा से चुनाव लड़ रहे रमेश गौतम मंगलवार को अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ शहर के काजीपुरा मोहल्ला स्थित प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के आवास पर पंहुचे। इस दौरान उन्होंने पूर्व मंत्री के साथ चाय की चुस्कियों के बीच चुनाव में विधानसभावार पड़े वोटों के प्रतिशत पर मंथन करते दिखाई दिए। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों की स्थित की जानकारी देते हुए मत प्रतिशत के आधार पर चुनाव जीतने की बात कही। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जफरउल्ला खां बंटी, मेराज खान समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी डा. आनंद गोंड भी अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के बीच चुनाव में पड़े वोटों के आधार पर मंथन करते दिखाई दिए। चुनाव में लगे बूथ कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को अपने-अपने बूथों की स्थित से अवगत कराते हुए मतदाताओं के रुझान की जानकारी दे रहे थे। भाजपा प्रत्याशी कार्यकर्ताओं से बूथों पर पड़े वोट पर गुणा-गणित लगाते हुए अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखाई दिए।

शहर के पुलिस लाइन स्थित कोतवाली देहात के सामने बसपा प्रत्याशी बृजेश सोनकर ने चुनाव कार्यालय बना रखा है। मंगलवार को बसपा प्रत्याशी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय गौतम समेत अन्य पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव में विधानसभावार पड़े वोटों पर मंथन करते हुए दिखाई दिए। हालांकि बसपा प्रत्याशी चुनाव पड़े बसपा के कैडर व अन्य वोट के प्रति काफी असहज दिखाई दे रहे थे।

# बसंती देवी आईटीआई में रोजगार मेला का आयोजन

संवाददाता



**जौनपुर, 15 मई (नवसत्ता)।** शाहगंज नगर स्थिति बसंती देवी आईटीआई में सुजुकी मोटर्स गुजरात द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा करीब 75 अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा ली गई। लिखित परीक्षा में सफल 58 अभ्यर्थियों का फाइनल चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया गया। गुजरात से आए कंपनी के प्रतिनिधि योगेश जोशी और प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि चयनित छात्रों का समायोजन सुजुकी मोटर्स के गुजरात स्थिति प्लांट में किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों का कुल वेतन 21500/ सीटीसी दिया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की समस्त सुविधाएं जैसे कैंटीन, हॉस्टल पी एफ, यूनिफॉर्म ट्रांसपोर्टेशन आदि प्रदान की जाएगी। रोजगार मेला को सफल बनाने में जेसीआई शाहगंज सिटी के अध्यक्ष जेसी राम अवतार एवम् उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। रोजगार मेला में बिहार, बलिया सीतापुर, प्रयागराज, वाराणसी जौनपुर, आजमगढ़, अकबरपुर सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ आदि जिलों के अभ्यर्थी शामिल हुए। प्रबंधक डा. राजकुमार मिश्र ने परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। निदेशक दिवाकर मिश्र ने संस्थान में रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधि श्री गोस्वामी को धन्यवाद दिया। ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल शाहगंज की प्रधानाचार्य डा. अनामिका मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जेसीज के जोन ट्रेनर जेसी रविकांत जायसवाल ने अपने संबोधन में अभ्यर्थियों नौकरी के लिए जाने के लिए प्रेरित किया। संचालन जेसीआई शाहगंज के सचिव जेसी वीरेंद्र जायसवाल और विकास जायसवाल द्वारा किया गया। रोजगार मेला को सफल बनाने में जेसीज के रवि अग्रहरी, रोहित अग्रहरी, दीपक सिंह, सुशील कुमार और संस्थान के स्टाफ इश्नारायण मिश्र, सुनील तिवारी, सुरेंद्र प्रजापति, राजेश यादव, अजीम, रतन भंडारी आदि का प्रमुख योगदान रहा।






# एच.आर.एम.एस. पोर्टल को लॉगिन इन कर सुविधा पास प्राप्त करे

संवाददाता

**गोरखपुर, 15 मई (नवसत्ता)।** रेलवे तेजी से डिजिटल प्लेटफार्म पर आगे बढ़ रहा है। इसके अन्तर्गत ह्यूमन रिसोर्सेज मैनेजमेन्ट सिस्टम एच.आर.एम.एस.एच को अपग्रेड कर कर्मचारियों को पास लेने की प्रक्रिया को आसान बना दिया गया है। ई-पास के जरिये अब रेलकर्मी आई.आर.सी.टी.सी. पोर्टल के माध्यम से ई-टिकट स्वयं बना सकते है, इससे दक्षता बढ़ी है। रेल कर्मचारी पास के लिए एच.आर.एम.एस. पोर्टल को लॉगिन इन कर सुविधा पास प्राप्त कर रहे है। पूर्व में कर्मचारियों को पास लेने हेतु पास लिपिक से अनुमोदन लेना पड़ता था परन्तु अब कर्मचारी स्वयं ही पास जारी करने हेतु सक्षम है। कर्मचारी अपना पास स्वयं जारी कर आइ.आर.सी.टी.सी. के पोर्टल को लॉगिन कर ई-टिकट भी बना सकते है। इसके लिए आई.आर.सी.टी.सी. ने रेलवे पास कन्शेसन ऑप्सन को सॉफ्टवेयर में जोड़ दिया है। जिससे कर्मचारियों को ऑन लाइन टिकट बनाने में सुविधा हो रही है तथा रेलवे आरक्षण केन्द्र पर लाइन लगने एवं अनावश्यक भाग-दौड़ से छुटकारा मिल गया है।

### रेल सम्पति की सुरक्षा व अवैध सामानों की धर-पकड़

**गोरखपुर, 15 मई (नवसत्ता)।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़, आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार की रोकथाम सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया।

# इयर फोन लगाकर जा रहे छात्र की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता



**लखीमपुर खीरी, 15 मई (नवसत्ता)।** कोतवाली क्षेत्र गोला में रजागंज और फरधान रेलवे स्टेशन के बीच इयर फोन लगाकर जा रहे छात्र की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। घटना से पूरे गांव में मातम है।

कोतवाली क्षेत्र गोला के ग्राम करनपुर निवासी सफाई कर्मी ऋषि कुमार गौतम का 18 वर्षीय पुत्र धीरेंद्र गौतम गोला के एक इंटर कॉलेज में कक्षा ग्यारह का छात्र था। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह रोज की तरह बाइक से घर से निकला था। मुड़िया गांव के पास आंबेडकर मूर्ति के पास बाइक खड़ी कर दी। इयर फोन लगाकर रेलवे ट्रैक की ओर शौच के लिए चला गया। वापस लौटते वक्त गोला की ओर से आ रहे ट्रेन के इंजन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। धीरेंद्र की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। धीरेंद्र की मौत से ऋषि कुमार गौतम के घर में मातम है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इंजन चालक ने काफी दूर से हार्न बजाना शुरू कर दिया था। यह देख पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने भी खेतों से खड़े होकर शोर मचाना शुरू किया। घास काट रही महिला ने भी शोर मचाया, लेकिन धीरेंद्र के इयर फोन लगा था।

किसी की आवाज उसे सुनाई नहीं दी। हादसे में उसकी जान चली गई। गांव में हर तरफ यही चर्चा है, कि यदि धीरेंद्र इयर फोन लगाकर नहीं गया होता तो उसकी जान नहीं जाती।

# हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह पर लगाया 30 हजार हर्जाना

संवाददाता



**प्रयागराज, 15 मई (नवसत्ता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परिवारिक और व्यावसायिक विवादों को लेकर दर्ज अपराधिक मामले के आधार पर एक ही परिवार के तीन लोगो पर गुंडा एक्ट की नोटिस जारी करने पर प्रमुख सचिव गृह पर तीस हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। हर्जाना राशि याचियों को दो हफ्ते के भीतर अदा करना होगा।

यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह प्रथम की खंडपीठ ने याची राकेश वर्मा व अन्य की ओर गुंडा एक्ट के तहत जिलाधिकारी फिरोजाबाद की ओर से जारी नोटिस की वैधता को चुनौती देने वाले याचिका को स्वीकार करते हुए दिया।

मामला फिरोजाबाद का है। याची राकेश वर्मा और राजेश वर्मा सगे भाई है जबकि तीसरा याची राकेश वर्मा का बेटा सोनू उर्फ अभिषेक है। इनके खिलाफ पैतृक सम्पत्ति को लेकर उपजे विवाद में हुई आपसी मारपीट का दोतरफा मुकदमा दर्ज हुआ था जबकि दूसरा मुकदमा व्यावसायिक लेनदेन को लेकर हुआ है और तीसरी बीट पुलिस की रिपोर्ट स्थानीय थाने पर दर्ज है।

इन्ही तीनों मामले के आधार पर आठ दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी फिरोजाबाद ने तीनों परिजनों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही शुरू करते हुए नोटिस जारी किया था। जिसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

याची के अधिवक्ता दीपक कुमार पांडेय का तर्क था कि गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही उन आदतन अपराधियों के खिलाफ की जाती है, जो लोकशान्ति के लिए खतरा बना जाए। मौजूदा मामले व्यक्तिगत विवादों के जुड़े हैं।

कोर्ट ने जिलाधिकारी फिरोजाबाद की ओर से गुंडा एक्ट के तहत जारी नोटिस को रद्द करते हुए प्रमुख सचिव गृह पर तीस हजार रुपए का हर्जाना लगा दिया। कोर्ट ने हाइकोर्ट के रजिस्ट्रार को आदेश के अनुपालन के लिए आदेश की प्रति प्रमुख सचिव गृह और जिलाधिकारी फिरोजाबाद को एक हफ्ते के भीतर प्रेषित करने का निर्देश दिया है।

# एलएलबी की परीक्षा में दे दिया पिछले साल का पेपर, हंगामा

संवाददाता



**बलिया, 15 मई (नवसत्ता)।** बलिया के मथुरा महाविद्यालय में एलएलबी के चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में बुधवार को परीक्षार्थियों को सत्र 2022-2023 का पेपर मिलने पर छात्रों ने हंगामा कर दिया और पेपर एवं कॉपी लेकर परीक्षा कक्ष से निकल कर कैंपस में आ गए। पुराना पेपर देख विद्यालय प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। आननफानन विश्वविद्यालय से व्हाट्सएप के द्वारा सत्र 2024 का पेपर मंगा कर किसी तरह परीक्षा कराई गई। परीक्षाथी देवानंद यादव ने बताया कि पिछले वर्ष का पेपर दे दिया गया है ये अस्सी के जगह सौ नंबर का है। सुनील कुमार प्रजापति ने भी महाविद्यालय प्रशासन एवं केंद्र व्यवस्थापक पर गंभीर आरोप लगाया। कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जानबूझ कर इस तरह का कृत्य किया गया है। परीक्षार्थी आरबीए प्रताप सिंह ने कुलपति के साथ केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टाप को दोषी ठहराया। कहा कि अब तक जिम्मेदार व्यक्ति सामने नहीं आया है। आरोप लगाया कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन ने बिना चेक किए ही पेपर बांट दिया। पेपर पुराना था तो कॉलेज प्रशासन द्वारा वितरण नहीं करना चाहिए। बता दें कि बीते नौ मई को परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापक के ड्राइवर द्वारा गेट पर की जा रही तलाशी की जांच चल रही है कि ऊपर से एक और मामला आ गया। ये भी संयोग की बात है कि महाविद्यालय के प्रशासक क्षेत्रीय उप शिक्षा अधिकारी वाराणसी है।





